दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। शनिवार 07 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 328 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## विनेश फोगाट जुलाना से होंगी कांग्रेस की उम्मीदवार बजरंग पूनिया नहीं लड़ेंगे हरियाणा चुनाव!



**नई दिल्ली।** रेसलर विनेश फोगाट ने हरियाणा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस का 'हाथ' थाम लिया है. सूत्रों के मुताबिक विनेश फोगाट जुलाना विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी, जबकि बजरंग पूनिया इलेक्शन नहीं लड़ेंगे. हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की इलेक्शन कमेटी की बैठक हुई. अब तक कुल कुल 71 सीटों पर फैसला हो चुका है. बजरंग पूनिया चुनाव नहीं लड़ेंगे. हालांकि पहले ऐसी चर्चा थी कि बजरंग पूनिया बादली से चुनाव लड़ सकते हैं. क्योंकि बजरंग बादली से आते हैं. लेकिन अब स्थिति साफ हो चुकी है कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगे और सिर्फ प्रचार करेंगे। बता दें कि पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। विनेश फोगाट और बजरंग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके 10, राजाजी मार्ग स्थित आवास पर मुलाकात की. इसके बाद वे कांग्रेस महासचिव प्रभारी संगठन केसी वेणुगोपाल, एआईसीसी महासचिव प्रभारी हरियाणा दीपक बाबरिया, हरियाणा कांग्रेस प्रमुख उदय भान और कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा की मौजूदगी में एआईसीसी मुख्यालय में कांग्रेस में शामिल हुए। वेणुगोपाल ने कहा कि यह कांग्रेस के लिए बड़ा दिन है और विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का पार्टी में स्वागत करना ₹हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने विरोध किया तो पूरा देश उनके साथ खड़ा था, उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए समर्थन का हवाला दिया




# आखिरकार इन्दिरापुरम योजना हो गई नगर निगम को हैंडओवर

## एक लंबी लड़ाई लड़ी पार्षदों ने और अब विकास को लेकर नया मेकओवर

गाजियाबाद, करंट क्राइम। इन्दिरापुरम योजना का वो दिन आ गया जब यहां वर्षों से लड़ी जा रही लड़ाई का अंत सुखद हुआ। इन्दिरापुरम योजना के पार्षदों का सपना साकार हुआ और इन्दिरापुरम योजना को जीडीए से नगर निगम को हैंडओवर कर दिया गया। जीडीए की बोर्ड बैठक में ये फैसला लिया गया और इसी के साथ इन्दिरापुरम योजना को हैंडओवर करने पर मुहर लगी।

इन्दिरापुरम योजना के इतिहास में 6 सितम्बर 2024 की तारीख एक ऐतिहासिक तारीख बन गई। क्योंकि वो फैसला हुआ जिससे पहले कई मेयर और कई नगर आयुक्त इस फैसले का हिस्सा नहीं बन सके। उनके कार्यकाल में ये मामला कई बार आया लेकिन फैसला नहीं हुआ। जीडीए वीसी अतुल वत्स और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के खाते में ये उपलब्धि आई। ये दोनों अधिकारी ऐसे रहे जिनके कार्यकाल में ये बड़ा फैसला हो गया।

शुक्रवार को जीडीए की बोर्ड बैठक में जीडीए वीसी अतुल वत्स ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को इन्दिरापुरम योजना की फाईल हैंडओवर की। कुछ शर्तों के साथ नगर निगम के पास इन्दिरापुरम योजना आ गई। ये उपलब्धि इन्दिरापुरम क्षेत्र के पार्षदों की भी है और इसमें मेयर का भी योगदान माना जायेगा।

**इन्दिरापुरम योजना**





### मेयर ने किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद



**करंट क्राइम।** मेयर सुनीता दयाल ने इन्दिरापुरम हस्तांतरण पर पार्षदों और क्षेत्र की जनता को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इन्दिरापुरम योजना को नगर निगम गाजियाबाद ने जीडीए से टेकओवर कर लिया है। इन्दिरापुरम की जनता और वहां के पार्षदों को शुभकामनाएं हैं। मेयर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद दिया है और कहा है कि इन्दिरापुरम योजना का हस्तान्तरण होना वहां के पार्षदों, जनता और यहां तक की सम्पूर्ण नगर निगम की इच्छा थी जो पूरी हुई है। पूर्व में मुख्यमंत्री गाजियाबाद आये थे तब ये विषय उनके सामने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने रखा था। तब मैंने कहा था कि इन्दिरापुरम हस्तान्तरण के लिए तैयार है और मुख्यमंत्री के निर्देशन में यह कार्य पूरा हुआ है। लगातार सदन की बैठक में इन्दिरापुरम हस्तान्तरण का विषय आता रहता था। वहां के पार्षद अपने आप को अकेला महसूस करते थे और उनके यहां नगर निगम विकास कार्य भी नहीं करा पाता था। वह लोग नगर निगम के पार्षद तो थे लेकिन यहां से कोई विकास कार्य नहीं मिल पाता था। अब नगर निगम ने उनके क्षेत्र को अपनाया है तो अब वहां विकास की बयार चलेगी। बैठक में सभी अधिकारियों ने शहर हित में काम किया है और जीडीए वीसी ने शहर के लिए सकारात्मक सोच रखी। यह प्रशंसा का विषय है।

### दृढ़ इच्छाशक्ति से मिली है निगम को सफलता : नगर आयुक्त



करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के खाते में ये एक और उपलब्धि आई है। वो ऐसे नगर आयुक्त बने हैं जिनके कार्यकाल में ये बड़ा काम हुआ है। इन्दिरापुरम योजना नगर निगम को हैंडओवर हुई है। दैनिक करंट क्राइम ने जब नगर आयुक्त आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक से बात की तो उन्होंने कहा कि यह दृढ़ इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस हस्तान्तरण को लेकर जीडीए अधिकारियों और निगम अधिकारियों के बीच लगातार वार्ता चल रही थी। पिछले एक-डेढ महीने से रोजाना ही इस विषय पर काम हो रहा था। जनता को भी राहत मिली है और नगर निगम का भी इसमें लाभ है। बड़ी बात ये है कि नगर निगम अब यहां विकास करा सकेगा। लोगों को इस विकास का लाभ मिलेगा और नगर निगम की आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इन्दिरापुरम हस्तान्तरण में जीडीए वीसी अतुल वत्स की भी सराहनीय भूमिका रही है और मंडलायुक्त सेल्वा कु० जे की सोच के साथ ये बड़ा काम हुआ है। मेरा यही कहना है कि अगर दृढ़ इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच के साथ काम किया जाये तो सफलता मिलती है। इस हस्तान्तरण के बाद इन्दिरापुरम का विकास होगा और नगर निगम की आय में भी वृद्धि होगी। क्योंकि जहां नगर निगम को 185 करोड़ रूपये मिलेंगे, वहीं जो जमीन सॉलिड वेस्ट के लिए मिली है उस जमीन की कीमत ही 100 करोड़ रूपये है इसके अलावा अनुरक्षण शुल्क जो लगभग 50-60 करोड होगा, वो नगर निगम को मिलेगा। जल कल और सीवर टैक्स के रूप में निगम को लगभग 30 करोड़ की आय होगी। विज्ञापन से भी नगर निगम को लगभग 4 से 5 करोड़ रूपये की आय होगी।

### 185 करोड़ रूपये की धनराशि जीडीए देगा नगर निगम को



**करंट क्राइम।** हस्तान्तरण के बाद ये तय हो गया कि जीडीए नगर निगम को 185 करोड रूपये की धनराशि देगा। इसके अलावा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए 8500 वर्ग मीटर भूमि देगा। हैंडओवर के बाद इन्दिरापुरम क्षेत्र में विज्ञापन का पूरा अधिकार नगर निगम का होगा। सामुदायिक भवन का संचालन नगर निगम करेगा। नगर निगम को अनुरक्षण शुल्क वसूलने का अधिकार होगा। नगर निगम को अनुरक्षण शुल्क के रूप में लगभग 50 से 60 करोड़ की आय होगी। खास बात ये है कि नगर निगम को जो 185 करोड़ रूपये जीडीए से मिलेंगे वो राशि इन्दिरापुरम क्षेत्र के विकास में ही प्रयोग की जायेगी। इस धनराशि का प्रयोग नगर निगम किसी अन्य योजना में नहीं करेगा और जीडीए भी इस धनराशि का समायोजन अन्य किसी विकास योजना, कार्य व देयकों से नहीं करेगा। गाजियाबाद नगर निगम इस धनराशि को प्राप्त करने के लिए एक ज्वाईंट एकाउंट खोलेगा जिसमें जीडीए द्वारा 70 करोड़ रूपये हस्तान्तरण के समय देगा और बाकी धनराशि समय अवधि के साथ दी जायेगी। 40 करोड़ रूपये 31 दिसम्बर, 2024 तक देने हैं। फिर 40 करोड़ रूपये 31 मार्च 2025 तक देने हैं और 35 करोड़ रूपये 1 जुलाई 2025 तक देने हैं।

### 25 करोड़ रूपये सीवर की सफाई के लिए निगम को देगा जीडीए




करंट क्राइम। इन्दिरापुरम योजना में सीवर लाईन की सफाई और नई सीवर लाईन बिछाने हेतु 25 करोड़ रूपये जीडीए नगर निगम को देगा। वर्तमान में सीवर के रख रखाव हेतु नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत वन सिटी वन ऑपरेटर योजना के अन्तर्गत वबाग कंपनी द्वारा किया जा रहा है। इन्दिरापुरम क्षेत्र को वन सिटी वन ऑपरेटर योजना में शामिल किये जाने का कार्य शासन द्वारा होना है। इस योजना में इन्दिरापुरम क्षेत्र को शामिल किये जाने तक सीवर व पाईप लाईन का अनुरक्षण व संचालन की व्यवस्था यथावत रहेगी। जिसका वहन गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा। जिस हेतु अधिकतम अवधि छह माह रहेगी।

### 20 करोड़ की लागत से लगेंगे नए ट्यूबवैल और बिछेगी नई पाईप लाईन



करंट क्राइम। नगर निगम के खाते में अब इन्दिरपुरम योजना आ गई है। इन्दिरापुरम योजना में पेयजल के कार्य हेतु 20 करोड़ रूपये जीडीए द्वारा नगर निगम को दिये जायेंगे। इसमें नए ट्यूबवैल, नई पाईप लाईन, ओएचटी मरम्मत हेतु दिया जा रहा है।

### 50 करोड़ से बनेगी 80 किलोमीटर की इन्दिरापुरम में सड़क



करंट क्राइम। इन्दिरापुरम योजना में अब गली और मौहल्लों में भी सड़कों का निर्माण होगा। मुख्य और आन्तरिक सड़कों की लंबाई लगभग 80 किलोमीटर बताई जाती है। इसके लिए जीडीए द्वारा नगर निगम को 50 करोड़ रूपये दिये जायेंगे। नगर निगम इन 50 करोड़ रूपये से इन्दिरापुरम योजना में सड़कों का निर्माण करायेगा।

### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को मिलेगी जमीन और 15 करोड़ से होगा कूड़ा कलैक्शन



**करंट क्राइम।** इन्दिरापुरम योजना में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए जमीन मिलेगी। कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन के लिए 4000 वर्ग मीटर और एमआरएफ हेतु 4500 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता है। जिसके लिए जीडीए द्वारा 6 महीने के भीतर जमीन उपलब्ध कराने पर सहमति व्यक्त की गई है और नगर निगम द्वारा कूड़ा कलैक्शन ट्रांसफर स्टेशन की व्यवस्था अपने स्तर से किये जाने तक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की वर्तमान व्यवस्था यथावत रहेगी। इस खर्चे को जीडीए उठायेगा और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट हेतु 15 करोड रूपये जीडीए नगर निगम को देगा।

### आरसीसी नाले का होगा निर्माण और जीडीए देगा 50 करोड रूपये



**करंट क्राइम।** इन्दिरापुरम योजना में लगभग 135.00 कि0मी0 ब्रिक वर्क एवं आर०सी०सी० से नालें निर्मित है, जिसके सापेक्ष में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम, गाजियाबाद को 50.31 करोड नालों की मरम्मत एवं नवीनीकरण हेतु दिया जा रहा है। योजना में आवश्यकतानुसार ब्रिक वर्क नालें के स्थान पर आर०सी०सी० नालें के निर्माण तथा ब्रिक वर्क के नालों की मरम्मत / निर्माण हेतु दिया जा रहा है।

### नगर निगम सर्विसेज के लिए बेहतर: डॉ अनिल तोमर



**करंट क्राइम।** वार्ड 98 के पार्षद डॉ अनिल तोमर ने कहा कि मैं अपने सभी प्रशासनिक अधिकारी व भाजपा जुड़े सभी नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं नगर निगम को जो आज इंदिरापुरम हैंडओवर हुआ है अब इंदिरापुरम का विकास होगा सड़क सीवर निकासी जल भराव की समस्या से निजात मिलेगा जीडीए का काम डेवलपमेंट का है निगम सर्विस देता है तो उन्हें नगर निगम के कर्मचारियों को पता है कि किस तरह से क्षेत्र का विकास होता है और कार्य होता है इसके लिए उन्होंने कहा हम मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने आज नगर निगम को हैंडोवर किया।

### इंदिरापुरम के नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी:प्रीति जैन



**करंट क्राइम।** वार्ड 99 की पार्षद प्रीति जैन ने कहा कि इंदिरापुरम को नगर निगम में शामिल करने का यह निर्णय क्षेत्र के विकास और जनता की आकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में एक महत्वप ूर्ण कदम है। स्थानीय पार्षदों, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा महापौर सुनीता दयाल के निरंतर प्रयासों और पार्षदों के संघर्षों के परिणामस्वरूप यह संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मैं तत्काल प्रभाव से इंदिरापुरम को नगर निगम में हस्तांतरित करने का निर्देश दिया ' इस निर्णय से इंदिरापुरम की जनता को नगर निगम की सुविधाओं और सेवाओं का लाभ मिलेगा, जो उन्हें अब तक नहीं मिल पाया था। आने वाले समय में, इंदिरापुरम के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं, अधिक विकास कार्य और एक समृद्ध भविष्य की आशा है।

### इंदिरापुरम में सभी समस्याओं का समाधान तेजी से होगा:हरीश कडाकोटी



**करंट क्राइम।** वार्ड 79 के पार्षद हरीश कडाकोटी ने कहा कि इंदिरापुरम नगर निगम को हैंडओवर हो गया बहुत खुशी की बात है, हम जब से चुनाव जीते तब से हम इस कार्य में लग गए थे। लखनऊ में वहां पर अधिकारियों को और मंत्रियों को मिल कर पत्र दिए लगातार संपर्क में रहे उसके बाद मेरठ के चक्कर लगाए मंडल आयुक्त को पत्र दिए लगातार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष तथा अधिकारियों को मिले।

महापौर को भी लगातार बोले और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और सांसद को लगातार हैंडओवर के लिए सभी पार्षदों ने बोला आज और दिन आ ही गया। बहुत खुशी की बात है इंदिरापुरम के सभी सम्मानित निवासियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं आशा है। यहां पर हम अब ठीक से काम करवा पाएंगे हमारी कोशिश और प्रयास ही रहेगा। इंदिरापुरम में सभी समस्याओं का समाधान तेजी से होगा और विकास के कार्य पूर्ण होंगे। यह कदम क्षेत्र की आधारभूत संरचना को और मजबूत करेगा, जिससे जनता की जीवनशैली में सुधार आएगा।

### पार्क पर 11 और स्ट्रीट लाईट पर होंगे 14 करोड़ खर्च

करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम गाजियाबाद को स्ट्रीट लाईटों को बदलने एवं ठीक कराने हेतु 13.69 करोड रूपये दिये जायेंगे। इसके अलावा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम गाजियाबाद को उद्यानिक कार्यों हेतु 11.00 करोड़ दिये जायेंगे। नीति खण्ड-2 में स्थित साईट ऑफिस के 02 कमरे तथा उद्यान नर्सरी में मात्र साईट ऑफिस पूर्व की भांति अधिकतम 06 माह तक प्राधिकरण द्वारा उपयोग किया जाएगा। इस अवधि के उपरान्त सम्पूर्ण क्षेत्र पर नगर निगम का स्वामित्व होगा।

### सामुदायिक केन्द्र से लेकर विज्ञापन की आय पर रहेगा निगम का अधिकार

करंट क्राइम। इन्दिरापुरम क्षेत्र में जीडीए द्वारा संचालित सभी सामुदायिक केन्द्र व उनसे आने वाली आय पर गाजियाबाद नगर निगम अधिकार होगा। इन्दिरापुरम क्षेत्र के सभी विज्ञापन अधिकार गाजियाबाद नगर निगम को हस्तान्तरित हो जायेंगे। जीडीए नीति खण्ड-2 में स्थित साइट ऑफिस नगर निगम को जोनल कार्यालय हेतु उपलब्ध करायेगा। जीडीए नीति खण्ड-2 के साइट ऑफिस के 02 कमरे तथा नर्सरी के साइट ऑफिस पूर्व की भांति प्राधिकरण द्वारा उपयोग किया जायेगा। अन्य क्षेत्र पर नगर निगम का प्रबन्धन होगा।

### निगम लड़ेगा मुकदमा तो पैरवी का खर्चा देगा जीडीए

करंट क्राइम। यदि हस्तान्तरण के पश्चात नई व्यवस्था के कारण कोई किसी फर्म अथवा ठेकेदार द्वारा हस्तान्तरण से सम्बन्धित वाद दायर किया जाता है तो नगर निगम द्वारा प्रभावी पैरवी किये जाने का व्यय गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा वहन किया जायेगा।

### सभी कर लेने का अधिकार नगर निगम को

करंट क्राइम। इन्दिरापुरम क्षेत्र हैंडओवर होने की तिथि से भवन कर, जल कर व सीवर कर लेने का अधिकार गाजियाबाद नगर निगम का रहेगा। इन्दिरपुरम क्षेत्र की सभी नर्सरियां हैंडओवर की तिथि से गाजियाबाद नगर निगम के पास आ जायेंगी। इन्दिरापुरम क्षेत्र में आने वाली विभिन्न प्रकार की सोसाईटियों द्वारा जो अनुरक्षण शुल्क बकाया है वो देय अनुरक्षण शुल्क को वसूलने का अधिकार नगर निगम का होगा।



### जो पैसा जीडीए देगा, उसे पैसे का हो सही इस्तेमाल हो; राधेश्याम त्यागी



करंट क्राइम। वार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा कि इंदिरापुरम हैंडओवर खुशी की बात है, उन्होंने कहा कि जीडीए जो भी पैसा देगा उसका सही इस्तेमाल होना चाहिए। जिससे जनता को नगर निगम में विश्वास होगा और कार्य होगा। यह पहल न केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। भाजपा संगठन, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की इस सफल साझेदारी ने जनता को यह संदेश दिया है कि जब एकजुट होकर काम किया जाता है।

### जनता के लिए खुशी की बात: अनुज त्यागी



करंट क्राइम। वार्ड 87 के पार्षद अनुज त्यागी ने कहा इंदिरापुरम हैंडओवर की बात एक ऐतिहासिक बात है, उन्होंने कहा काफी सालों से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ है। नगर निगम से क्षेत्र का विकास बेहतर होगा, उन्होंने कहा कि इंदिरापुरम नगर निगम में हैंडोवर होने पर हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बहुत-बहुत धन्यवाद गाजियाबाद की मेयर सुनीता दयाल का आभार व्यक्त किया। विकास की गति को प्रगति मिलेगी और पार्षद ज्यादा से ज्यादा अपने वार्ड में विकास का कार्य कर पाएंगे।।

### इंदिरापुरम के लिए ऐतिहासिक दिन: धीरज अग्रवाल



करंट क्राइम। वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा आज का दिन इंदिरापुरम के लिए ऐतिहासिक दिन है उन्होंने कहा इंदिरापुरम को जो पैसा मिलेगा उससे विकास होगा और जो अभी तक दिक्कत थी विकास कार्यों में वह नहीं होगी डा का भी जो टैक्स बचा हुआ है वह निगम ही वसूलेगी तेजी से विकास होगा हर साल निगम का जो बजट आता है वह भी क्षेत्र में लगेगा उन्होंने कहा सभी अधिकारियों में नेता गणों का बहुत आभार व्यक्त किया क्योंकि सभी के प्रयास से आज इंदिरापुरम हैंडओवर हो गया है।

# वार्ड 80 में नाले की दीवार टूटने से सड़क पर बह रहा है गंदा पानी, स्थानीय लोग परेशान

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर वार्ड 36 में नाले की दीवार टूटने के करण गंदा पानी सड़क पर बह रहा है और लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड पसोंडा पुलिया से शालीमार गार्डन को जाने वाला नाले की जगह-जगह से दीवार टूटी हुई है जिस कारण राजेंद्र नगर सेक्टर-2 में जलभराव की समस्या बनी हुई है।






### निगम के अधिकारी बोलता है नही है बजट :राहुल शर्मा



**करंट क्राइम।** क्षेत्रीय पार्षद राहुल शर्मा ने नगरायुक्त व महापौर को पत्र के माध्यम से शिकायत की है। लेकिन कोई काम अभी तक नही हो पाया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा कि वार्ड 80 में पसौंडा पुलिया से लेकर शालीमार गार्डन 150 फुटा सर्विस रोड़ पर एक नाला बना हुआ है। जो कि क्षतिग्रस्त है, नाले की चौड़ाई व गहराई काफी कम है। जिसके कारण नाला ओवरफ्लो हो जाता है। और नाले का पानी सैक्टर-2 राजेन्द्र नगर के समस्त ब्लॉको में भर जाता है जिससे निवासियों के आवागमन में काफी परेशानी होती है। अक्सर जल भराव के कारण घरों में पानी घुस जाता है। जिससे घरों के अंदर तथा रास्ते पर गन्दगी का अम्बार लग जाता है। नाले का चौड़ीकरण व नाले के दीवार को बनवाया जाए।

### कोई निगम का अधिकारी नही सुनता : गौरव



करंट क्राइम। स्थानीय निवासी गौरव ने बताया कि लोगों को गंदे पानी को पार कर आना- जाना पड़ता है। लोगों समस्या को लेकर विभाग जा रहे हैं तो विभाग के कर्मियों द्वारा समस्याओं का समाधान नही किया जा रहा है।

### जगह-जगह हो जाती है कीचड़ : आरपी राठी



**करंट क्राइम।** स्थानीय निवासी आरपी राठी ने कहा कि जलनिकासी की समस्या गंभीर समस्या बनी हुई है। नाले का पानी राजेंद्र नगर सेक्टर-2 की बिल्डिंग के बेसमेंट में भर जाता है जिससे कई दिनों तक लोग परेशान होते है और जगह-जगह कीचड़ जमा हो जाती है। नालियां टूटी पड़ी हैं जो बारिश के समय समस्या उत्पन्न कर रही हैं। सड़कों पर नाले की गंदगी से बुरा हाल होता है, जिससे लोग बीमारी से ग्रस्त हो जाते हैं।

### जलभराव के कारण टूटी का सड़क : ऋषि राज



**करंट क्राइम।** स्थानीय निवासी ऋषि राज ने बताया कि शालीमार गार्डन ए ब्लॉक से राजेंद्र नगर सेक्टर 2 के 4 ब्लॉक तक नाले में ओवरफ्लो होकर सड़कों पर जल भराव बिल्डिंग के बेसमेंट में नाले का पानी भर जाता है। जल भराव से सड़के भी टूट रही है। वजीराबाद रोड पर भी नाले का पानी भी आ जाता है। नगर निगम को भी कई बार शिकायत देने के बाद भी कुछ नहीं होता है।

# 7 सितंबर को अभ्यर्थियों से गोरखपुर में मिलेंगे सीएम योगी

**गोरखपुर।** 69000 शिक्षक भर्ती मामले में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर में मुलाकात करेंगे। इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचना दे दी गई है।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों से शनिवार की शाम को गोरखपुर में मिलेंगे। इस संबंध में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर व लखनऊ प्रशासन ने अभ्यर्थियों को सूचना दे दी है। वहीं, अभ्यर्थियों का लगातार पांचवे दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को मंत्री डॉ. संजय निषाद के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। इसके पहले, अभ्यर्थियों ने बृहस्पतिवार को पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थी हाईकोर्ट के फैसले का पालन करने व नियुक्ति देने की मांग कर रहे थे। मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों से मुलाकात की। उन्होंने अभ्यर्थियों की समस्याएं सुनीं और ज्ञापन लिया। राजभर ने आश्वासन दिया कि वे अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सात सितंबर को करवाएंगे। इस मामले का समाधान जल्द ही किया जाएगा। सीएम से मिलने के लिए उन्होंने पांच अभ्यर्थियों के नाम भी मांगे। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा अभ्यर्थी चार साल से सड़कों पर भटक रहे हैं। अब कोर्ट का फैसला आया है तो इसका पालन नहीं हो रहा है। कोर्ट ने भर्ती की मूल चयन सूची रद्द कर सरकार को तीन महीने में आरक्षण नियमों का पालन करते हुए नई सूची जारी करने का आदेश दिया है, लेकिन सरकार ने अब तक कोई काम शुरू नहीं किया है। इससे अभ्यर्थियों में नाराजगी है।

### अभ्यर्थियों को दी गई सूचना



### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 9 को

69000 शिक्षक भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी सेवा सुरक्षा आदि को लेकर रिट दायर की थी। रवि सक्सेना आदि की इस रिट पर 9 सितंबर को चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सुनवाई करेगी। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी विनय पांडेय ने बताया कि इस मामले में कई रिट हुई हैं। उम्मीद है कि सभी पर एक साथ 9 सितंबर को सुनवाई होगी। इसमें एक ही भर्ती में कई बार आरक्षण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### बिहार में विकास की कहानी 2005 से शुरू हुई : जेपी नड्डा



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को आईजीआईएमएस में 188 करोड़ रुपये की लागत से बने नवनिर्मित क्षेत्रीय चक्षु संस्थान सह चक्षु अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने बिहार के विकास की चर्चा करते हुए कहा कि आईजीआईएमएस के इतिहास की बात करें और ध्यान में रखें तो स्वास्थ्य विभाग या अन्य क्षेत्रों के विकास की कहानी 2005 से शुरू होती है। 2005 तक आईजीआईएमएस की क्या हालत थी और 2005 के बाद अब तक इस अस्पताल ने विकास की कैसी छलांग लगाई है, यह सब को पता होगा। पहले स्थिति काफी खराब थी। 1985 से 2005 तक यहां विकास की क्या स्थिति थी और आज क्या स्थिति है, यह सबलोग जानते हैं। पहले स्वास्थ्य का मतलब होता था कि मरीज बीमार हो तो उसका इलाज करो। अब स्वास्थ्य का मतलब है कि मरीज को बीमार ही नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि प्रिवेंटिव मेडिसिन से प्रोमोटिव हेल्थकेयर पर केंद्र की मोदी सरकार लगातार काम कर रही है। गांव की गर्भवती महिलाओं से लेकर उसके प्रसव तक ख्याल रखा जाता है। आईजीआईएमएस बिहार की ही नहीं बल्कि ओडिशा, पश्चिम बंगाल और नेपाल की सेवा कर रहा है। इस इंस्टीट्यूट में 11 मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बने हैं। वर्ल्ड क्लास इलाज की सुविधा इस नेत्र अस्पताल में है। जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने दरभंगा एम्स के लिए जमीन उपलब्ध करवाई। दरभंगा की जमीन थोड़ी नीची है और बिहार सरकार ने इसकी भराई की जिम्मेदारी भी उठाई है। हम इसे और ऊंचा करते हुए एम्स बनाएंगे। मानवता का सही अर्थ में सेवा करने का माध्यम स्वास्थ्य विभाग है। प्रधानमंत्री मोदी दरभंगा में एम्स का जल्द शिलान्यास करना चाहते हैं ताकि मिथिलांचल समेत पूरे बिहार के लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सके। 2014 से पहले देश में छह एम्स थे। लेकिन, आज 22 हो गए। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार और आगे बढ़ेगा।

### यमुना में मूर्ति विसर्जन पर 50 हजार जुमार्ना, नदी के साथ ही अन्य जल निकायों में करने पर भी पाबंदी



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने यमुना और अन्य जल निकायों में मूर्तियों के विसर्जन पर रोक लगा दी है। नियमों का उल्लंघन करने पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगेगा। स्थानीय नागरिक निकायों को आवासीय क्षेत्रों के पास अस्थायी विसर्जन स्थल या कृत्रिम तालाब बनाने को कहा गया है। डीपीसीसी ने आदेश में कहा है कि पुलिस और नगर निकाय निदेर्शों को लागू करने कराने के लिए मिलकर काम करेंगे। डीपीसीसी ने गणेशोत्सव और दुर्गा पूजा जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान पर्यावरण-अनुकूल मूर्ति विसर्जन के लिए नए निदेर्शों को अनिवार्य कर दिया है। इसमें किसी भी जल निकाय में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की मूर्तियों के उपयोग पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। विसर्जन से निस्तारित पानी को बागवानी के लिए फिर से इस्तेमाल करने और बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों से खाद बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

# विकास और सुरक्षा के मॉडल में ही यूपी का उज्ज्वल भविष्य : मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर पहुंचे। यहां उन्होंने पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के सोनबरसा में 635 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज पूरी दुनिया में भारत की तूती बोलती है। भारत की पहचान पूरी दुनिया में विकास के एक मॉडल के रूप में बनी है। देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। विकास और सुरक्षा का मॉडल ही वर्तमान और भावी पीढ़ी को उज्जवल भविष्य के मार्ग पर आगे बढ़ाएगा और इसका लाभ अनंत काल तक प्राप्त होगा। सरकार के विकास प्रस्तावों में विघ्न डालने की वजह विकास का सहभागी बनना चाहिए क्योंकि इसी में पीढ़ियों का भविष्य जुड़ा है इसलिए विकास का सिलसिला निरंतर आगे बढ़ना चाहिए।



मुख्यमंत्री ने प्रदेश और गोरखपुर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब विकास होगा तभी उद्यमिता बढ़ेगी। स्थानीय युवा उद्यमी बन पाएंगे। उन्होंने युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए दो चरणों में ब्याज मुक्त लोन देने की व्यवस्था कर दी है। पहले चरण में 5 लाख और दूसरे चरण में 10 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत लोन लेने वाले युवाओं को बैंकों को सिर्फ मूल पूंजी वापस करनी होगी, ब्याज का पैसा सरकार चुकता करेगी। सीएम योगी ने आगे कहा कि आज बालापार, टिकरिया और आसपास क्षेत्र के लोगों के लिए रेल ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया गया है। इसके साथ ही बालापार, टिकरिया से लेकर गांगी तक फोरलेन सड़क का शिलान्यास किया गया है। इससे इस क्षेत्र के लोगों का जीवन बहुत आसान हो जाएगा। आधे घंटे की दूरी अब पांच मिनट में पूरी हो जाएगी। फोरलेन निर्माण के लिए उन्होंने निर्देश दे दिया है कि फोरलेन बनने के दौरान मकान नहीं टूटने चाहिए, भले ही फोरलेन का नक्शा बदलना पड़े। इसके साथ ही सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा देने के निर्देश भी दिए गए हैं। सोनबरसा में नया थाना बन जाने से लोगों की सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री योगी ने ग्रामीणों से कहा कि वे जमीन के मुआवजे के पैसे से दूरदराज के क्षेत्र में खेत खरीदें और नया काम भी शुरू करें। इससे आने वाली पीढ़ी खुशहाल बनेगी।

# शांति बनी रहे, इसलिए सेना से युद्ध के लिए तैयार रहने को कहा : राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां कहा कि देश और दुनिया में शांति कायम रखने के लिए ही उन्होंने सेना से युद्ध के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। राजनाथ सिंह ने गुरुवार को प्रथम संयुक्त कमांडर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा था कि सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। इस संबंध में उन्होंने आज स्पष्ट किया, भारत दुनिया का एकमात्र देश है जिसने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश दिया है। भारत ने हमेशा शांति की वकालत की है। लेकिन आज की भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए मैंने सेना से कहा कि भारत और दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए हमें हमेशा युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसा कहने के पीछे मकसद यह है कि हमारी शांति न भंग होने पाए। रक्षा मंत्री ने संयुक्त कमांडर सम्मेलन में कल कहा था



कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है और शांति बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने संयुक्त सेना का विजन विकसित करने और भविष्य के युद्धों में देश के सामने आने वाली चुनौतियों के लिए तैयारी करने के महत्व पर जोर दिया, साथ ही उकसावे की घटनाओं पर समन्वित, त्वरित और उचित कार्रवाई करने पर जोर दिया।

# कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट, रोहतांग में गिरे फाहे

## पांच जिलों में बाढ़ का जोखिम

**शिमला।** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के कुछ स्थानों पर 12 सितंबर तक हल्की बारिश जारी रहने का पूवार्नुमान है। प्रदेश के कुछ भागों में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के कुछ भागों में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के कुछ स्थानों पर 12 सितंबर तक हल्की बारिश जारी रहने का पूवार्नुमान है। 6 सितंबर के लिए कुछ स्थानों पर भारी बारिश व 7 सितंबर के लिए अंधड़ चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उधर, गुरुवार रात को कई भागों में बादल जमकर बरसे। नयना देवी में 158.6, ओलिंडा 69.0, देहरा गोपीपुर 64.0, आरएल बीबीएमबी 57.6, धर्मशाला 55.2, पालमपुर 32.4, भरमौर 25.0, कसौली 19.0, सराहन 22.0, कांगड़ा 17.2, ऊना 9.8, मंडी 9.6 व डलहौजी में 6.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।



### कुल्लू में बारिश से लबालब हुई सड़कें

जिला कुल्लू व लाहौल घाटी में शुक्रवार सुबह से झमाझम बारिश दर्ज की गई। रोहतांग के साथ लाहौल की ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे हैं। इससे तापमान में गिरावट आई है। वहीं भारी बारिश से कुल्लू जिला मुख्यालय की सड़कें और रास्ते कुछ ही देर के भीतर पानी से लबालब हो गए। बारिश ने लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद की व्यवस्था की भी पोल खोल दी है। जिले की मुख्य सड़क (एमडीआर) पर गांधीनगर से लेकर रामशिला तक पानी बह रहा है। वहीं नगर परिषद के सभी 11 वार्डों के पैदल रास्ते भी तालाब बन गए, जिसके कारण राहगीरों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचने में मरीजों और तीमारदारों को उठानी पड़ रही है। लालचंद्र प्रार्थी कलाकेंद्र से अस्पताल गेट आने वाला पैदल रास्ते में भी जल भराव हुआ है। वहीं ढालपुर से कॉलेज चौक तक अस्पताल सड़क पर भी जगह-जगह पानी जमा हो गया है। प्रदेश की राजधानी शिमला में भी दोपहर करीब पौने तीन बजे बारिश शुरू हुई।

### भूस्खलन से 40 सड़कें बाधित, इन जिलों में बाढ़ का जोखिम

राज्य में शुक्रवार सुबह 10:00 बजे तक राज्य में 40 सड़कों व तीन पुलों पर आवाजाही बाधित रही। 32 बिजली ट्रांसफार्मर भी प्रभावित चल रहे हैं। मंडी-कुल्लू मुख्य मार्ग मंडी-पंडोह के बीच 6, 7 और 9 मिल के पास भूस्खलन के कारण बंद हो गया है। उधर, अगले 24 घंटों के दौरान हिमाचल प्रदेश के शिमला, सिरमौर, सोलन, मंडी और बिलासपुर जिलों के कुछ जलग्रहण क्षेत्रों और पड़ोस में बाढ़ का हल्का जोखिम होने की संभावना है।

### कहां कितना न्यूनतमत तापमान

शिमला में न्यूनतम तापमान 15.4, सुंदरनगर 21.7, भुंतर 21.1, कल्पा 14.0, धर्मशाला 18.5, ऊना 21.0, नाहन 22.2, केलांग 11.6, पालमपुर 17.5, सोलन 20.4, मनाली 16.8, कांगड़ा 21.0, मंडी 21.1, बिलासपुर 23.4, चंबा 22.1, डलहौजी 14.2, कुकुमसेरी 9.5, धौलाकुआं 24.8, बरठीं 22.8, समदो 16.1, कसौली 17.4, पांवटा साहिब 24.0, सराहन 18.5, देहरा गोपीपुर 24.0, ताबो 14.0, मशोबरा 15.3 व सैंज में 19.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### सितंबर में अब तक सामान्य से 13 फीसदी अधिक बरसे बादल

इस मानसून सीजन के दौरान सितंबर में अभी तक सामान्य से 13 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। ऊना, लाहौल-स्पीति, कुल्लू व किन्नौर जिले को छोड़कर अन्य सभी में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। बिलासपुर जिले में सामान्य से 91, चंबा 8, हमीरपुर 51, कांगड़ा 5, मंडी 94, शिमला 19, सिरमौर 136 और सोलन में 36 फीसदी अधिक बारिश हुई। वहीं, ऊना में सामान्य से 57, लाहौल-स्पीति 77, व किन्नौर में 3 फीसदी कम बारिश हुई।

# अखिलेश ने मुठभेड़ को फर्जी बताया, कहा- दो दिन पहले उठाए गए आदमी को मार डाला, कोर्ट दखल दे

**लखनऊ।** सुल्तानपुर सराफा कांड के आरोपी की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। इसको लेकर अखिलेश यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय इस मामले पर तुरंत संज्ञान ले। सुल्तानपुर में सराफा दुकान में डकैती को अंजाम देने वाले आरोपी का बृहस्पतिवार को हुए एनकाउंटर से प्रदेश की सियासत गरमाने लगी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एनकाउंटर को फर्जी बताया है। कहा, दो दिन पहले जिसको उठाने के बाद एनकाउंटर के नाम पर हत्या की गई है, अब उसकी मेडिकल रिपोर्ट बदलवाने का दबाव बनाया जा रहा है। इसका सर्वोच्च न्यायालय तुरंत संज्ञान ले, इससे पहले कि सुबूत मिटा दिए जाएं।। अखिलेश ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि यह प्रतीत होता है कि सुल्तानपुर की डकैती में शामिल लोगों से सत्ता पक्ष का गहरा संपर्क था। इसीलिए नकली एनकाउंटर से पहले मुख्य आरोपी से संपर्क साधकर सरेंडर करा दिया गया। अन्य के पैरों पर सिर्फ दिखावटी गोली मारी गई



और एक की जाति देखकर उसकी जान ले ली गई। कहा, जब मुख्य आरोपी ने सरेंडर कर दिया है तो लूट का सारा माल भी वापस होना चाहिए। सरकार को पीड़ित कारोबारी को मुआवजा भी देना चाहिए।

### भाजपा राज अपराधियों का अमृतकाल

उन्होंने कहा कि नकली एनकाउंटर रक्षक को भक्षक बना देते हैं। उन्होंने भाजपा राज को अपराधियों का अमृतकाल बताते हुए कहा कि जब तक जनता का रोष चरम सीमा पर नहीं पहुंच जाता है, तब तक लूट में हिस्सेदारी का काम चलता रहता है। जब लगता है कि जनता घेर लेगी तो नकली एनकाउंटर का दिखावा होता है। जनता सब समझती है कि कैसे कुछ लोगों को बचाया जाता है और कुछ को फंसाया जाता है।

### कुछ लोगों को सिर्फ जाति ही दिखती है : योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा अध्यक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ लोगों को सिर्फ जाति ही दिखती है। राजनीतिक संकीर्णता में फंसे लोग जाति, मजहब के आधार पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। जाति के नाम पर दंगा करवाने वाले अखिलेश यादव अहंकार में बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। माफिया ने राजू पाल की हत्या कर दी थी, तब कुर्सी की चिंता में कुछ नहीं बोले थे।

### सजा देना अदालत का काम : शिवपाल

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भी एनकाउंटर को फर्जी बताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस को सरकार के इशारे पर पार्टी बनने की जरूरत नहीं है। कोई भी सरकार स्थायी नहीं होती है। किसी को सजा देने का अधिकार सिर्फ अदालत के पास है। सरकार को जवाब देना चाहिए। एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### गुंडागर्दी सपा के डीएनए में : पाठक

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि जब सपा सत्ता में थी, तब अपराधियों ने सरकार की मदद से जनता को लूटा था। बहू-बेटियों की अस्मत लूटी जाती थी। गुंडागर्दी और अराजकता को बढ़ावा देना सपा के डीएनए में है। भाजपा सरकार हर हाल में अपराधियों का सफाया करेगी।

# मेरठ में भाजपा नेता बोले: देश में आतंकी हमले विपक्ष करा रहा, राहुल गांधी पर की टिप्पणी

**मेरठ।** मेरठ में भाजपा नेता के बयान को लेकर इन दिनों सियासत गरमा गई है। यहां प्रभारी मंत्री ने बयान देते हुए कहा कि देश में भाजपा की सीटें कम होने के बाद से आतंकवादी हमले होने शुरू हो गए, जिसकी वजह विपक्ष है।

देश में आतंकी हमले विपक्ष की वजह से हो रहे हैं। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बसपा राष्ट्र विरोधी ताकतों को बढ़ावा देती हैं, जो देश के लिए घातक साबित हो सकते हैं। वहीं इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। भाजपा की सीटें कम होने के बाद से आतंकवादी हमले होने शुरू हो गए, जिनकी वजह ये ही लोग हैं। राहुल गांधी विदेश में जाकर देश का नाम नीचा करते हैं। अखिलेश यादव भी ऐसा ही कर रहे हैं। मेरठ के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने ये बातें गुरुवार को सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में कहीं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के 10 साल के



कार्यकाल में कोई आतंकवादी हमला नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लोगों को जाति बिरादरी में बांटकर तोड़ने का काम करती है, जबकि भाजपा ने हर वर्ग के लिए सर्वांगीण विकास का काम किया। भाजपा के सदस्यता अभियान पर बताया कि इसी 2 और 3 सितंबर के बीच में भारतीय जनता पार्टी के 10 लाख से ज्यादा सदस्य बन चुके हैं। उत्तर प्रदेश के अंदर 2 लाख 62 हजार से ज्यादा बूथ हैं और हर बूथ पर 200 लोग सदस्य बनेंगे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि महानगर का लक्ष्य 2.50 लाख का है और जिले का लक्ष्य 4 लाख लोगों को सदस्यता दिलाने का है। यह सदस्यता अभियान पहले चरण में 2 सितंबर से 25 सितंबर तक होगा और दूसरे चरण में 2 अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक होगा। उन्होंने बताया कि भाजपा का सदस्य इसलिए बनना जरूरी है क्योंकि ये पार्टी जाति, लूट खसोट की राजनीति नहीं करती, बल्कि इस पार्टी में कार्यकर्ता का विकास होता है। भाजपा अपने माध्यम से व्यक्ति का निर्माण, व्यक्ति के माध्यम से समाज का निर्माण, और समाज के माध्यम से प्रदेश और देश का निर्माण करती है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मांग ली जिला-महानगर अध्यक्षों से उनकी मंथली रिपोर्ट

## बताना होगा कौन सी हुई है घटना और महीने में कितने किये हैं प्रदर्शन और दिये हैं धरने






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अब पूरी तरह से चुनावी रणनीति के मोड में है। वो चुनावी अधिसूचना का इंतजार नहीं कर रहे, वो हर उस घटना का इंतजार कर रहे हैं जिसमें वो विपक्ष वाले तेवरों के साथ आयें। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अब अपनी पॉलिसी को जिला और महानगर स्तर पर भी लागू कर दिया है। अखिलेश यादव अब केवल फाईल वाली रिपोर्ट नहीं चाहते वो ऑन द स्पॉट वाली रिपोर्ट चाहते हैं। वो विपक्ष के स्टाईल वाली रिपोर्ट चाहते हैं और उन्होंने सभी जिलाऔर महानगर अध्यक्षों को ये फरमान जारी कर दिया है कि उन्हें पार्टी के कार्यकलापों की मासिक रिपोर्ट भेजनी है। इतना ही नहीं जितनी भी घटनाएं हो रही है उसको लेकर भी अखिलेश यादव की नजर है और उन्होंने संगठन को ये निर्देश दे दिये हैं कि घटनाओं पर नजर रखनी है और अखिलेश यादव का ये चार्ट 6 बिन्दुओं को लेकर आया है। अखिलेश यादव ने सभी जिला और महानगर अध्यक्षों के लिए ये आदेश जारी किया है। इसी पर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की, पदाधिकारियों की वर्किंग की मॉनीटरिंग होगी और एक तरह से ये संगठन की गतिविधियों का लिटमस टेस्ट भी रहेगा।



### बताना होगा मासिक बैठक कब हुई और कौन कौन नहीं हुआ इस बैठक में शामिल

**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के जिला और महानगर अध्यक्षों के पास जो फार्मेट आया है उसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रथम बिन्दु यही रखा है कि कार्यकारिणी की बैठक किस तारीख को सम्पन्न हुई, ये बताना होगा और ये बताना होगा कि महीने में होने वाली इस बैठक में कौन से पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष या अन्य पदाधिकारी इस बैठक में शामिल नहीं हुए हैं। इसके अलावा ये भी बताना होगा कि इस बैठक में कौन कौन से मुख्य पदाधिकारी शामिल हुए हैं और कौन कौन शामिल नहीं हुए हैं।

### महीने में किए हैं कितने धरने और प्रदर्शन, बतायें उसका विवरण

**करंट क्राइम।** सपा प्रमुख ने अब समाजवादियों की सियासी एक्टिविटी का नया फार्मेट तैयार किया है। समाजवादियों को ये बताना होगा कि उन्होंने एक महीने में कितने प्रदर्शन किये हैं, कितने धरने किया है। इनका विवरण देना होगा। महीने में किये गये मुख्य कार्यक्रमों को बताना होगा।

### खबर पर रखें नजर और बतायें कितनी डकैती, कितने रेप और कितने हुए अपहरण

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी अब अपने नए फार्मेट पर चलते हुए लॉ एंड ऑर्डर को लेकर सत्ताधारी दल की घेराबंदी कर रही है। समाजवादी कार्यकर्ता अब हर खबर पर नजर रखेंगे। खबर की खबर से सपा प्रमुख रूबरू होंगे और समाजवादी बतायेंगे कि किस जिले में क्या घटित हुआ है। नए फार्मेट में ये निर्देश दिये गये हैं कि मासिक बैठक वाली रिपोर्ट में माह में हुई प्रमुख घटनाओं का विवरण दिया जाये। ये बताया जाये कि इस महीने में जिले में कितनी डकैती की घटनाएं हुई है। कितनी रेप की घटनाएं हुई हैं। कितने अपहरण और फिरौती के मामले हैं तथा और अपराध के कौन से वो आंकड़े हैं जो घटित हुए हैं।

### विधानसभा क्षेत्र रहे अपडेट और बताये कब हुई बैठक और कौन रहे ऐबसेंट

**करंट क्राइम।** नए फार्मेट में जिले के साथ साथ अब विधानसभा क्षेत्र को लेकर भी एक्टिविटी का चार्ट अपडेट हुआ है। महानगर अध्यक्षों को अपनी रिपोर्ट में बताना है कि विधानसभा क्षेत्र में किस क्षेत्र की बैठक किस तारीख को हुई और उसमें कौन कौन से पदाधिकारी शामिल हुए तथा कौन कौन से पदाधिकारी शामिल नहीं हुए।

### फ्रंटल आर्गेनाईजेशन भी बतायेंगे अपनी पोजीशन

**करंट क्राइम।** ऐसा नहीं है कि केवल जिले और महानगर अध्यक्षों को ही रिपोर्ट भेजनी है। ऐसा भी नहीं है कि केवल पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों पर नजर है। ये सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हैं और उन्हें हरेक की खबर है। नए फार्मेट में महिला सभा से लेकर युवजन सभा तक सभी को अपनी एक्टिविटी बतानी है। प्रकोष्ठों पर विशेष निगाह है और सभी फ्रंटल आर्गेनाईजेशन के प्रमुखों को बताना होगा कि उनकी बैठक कब हुई और जिला और महानगर प्रकोष्ठों की बैठक किस प्रकोष्ठ की हुई है और किस प्रकोष्ठ की नहीं हुई है।

### पार्टी कार्यकर्ता का हुआ है उत्पीड़न तो अवगत करायें हाईकमान को

**करंट क्राइम।** नए फार्मेट में जहां प्रमुख घटनाओं पर नजर है, जहां इस बात पर नजर है कि कौन सा पदाधिकारी बैठकों में शामिल नहीं हो रहा है। वहीं अपने कार्यकर्ताओं की सुध भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ले रहे हैं। उनके द्वारा जो फार्मेट आया है उसमें मासिक रिपोर्ट के साथ साथ हर महीने की 15 तारीख को भेजी जाने वाली रिपोर्ट में ये भी बताना होगा कि पार्टी के किसी नेता, किसी कार्यकर्ता का उत्पीड़न नहीं हो रहा है। किसी पर कोई फर्जी मुकदमा दर्ज हुआ है तो उसका विवरण दिया जाये। जनपद की प्रमुख घटनाओं को बताया जाये।

### अगर तोड़ रहा है कोई अनुशासन तो रिपोर्ट में आयेगा नाम

**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने जो फार्मेट राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर भेजा है उसमें जहां कार्यकर्ता की फिक्र है वहीं अनुशासन तोड़ने वालों पर नजर का भी जिक्र है। इस फार्मेट में ये कहा गया है कि मासिक रिपोर्ट में पार्टी के उस कार्यकर्ता, पार्टी के पदाधिकारी का नाम लिखा जाये जिसके द्वारा अनुचित, अनैतिक या अनुशासनहीन आचरण किया गया हो।

# अनसुलझी है सांसद की विधानसभा में अभी तक ये कहानी

## लाईन पार वाले क्षेत्र की चार टंकियों में कब उतरेगा नगर निगम का पानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिकायतें होना और उस पर आदेश होना एक प्रकिया है। किसी शिकायत पर तत्काल कार्यवाही का आदेश होता है। किसी पर जांच का आदेश होता है। किसी पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश होते हैं तो कहीं जांच कर आख्या देने के आदेश होते हैं। बहरहाल यह प्रकिया पटल-टू-पटल चलती है और कुछ पर संज्ञान हो भी जाता है और कुछ शिकायतें अंजान हो जाती हैं। मामला उस विधानसभा से है जो अब विधानसभा के विधायक रहे नेता जी की लोकसभा है। किस्सा चार पानी की टंकियों का है और कमाल ये है कि विधायक जी की विधानसभा की शिकायत उन्हीं विधायक जी से लोकसभा सांसद के रूप में की गई है। शिकायत भाजपा के पूर्व पार्षद ने की है और विधानसभा की ये कहानी अनसुलझी है कि यहां की चार टंकियों में नगर निगम का पानी कब आयेगा। यहां के विधायक अतुल गर्ग भले ही अब लोकसभा सांसद हैं और वो विधानसभा से इस्तीफा भी दे चुके हैं लेकिन जब तक कोई नया विधायक नहीं आयेगा तब तक अतुल गर्ग को ही निवर्तमान विधायक माना जायेगा। किस्सा पानी का है और कहानी ये है कि जल निगम द्वारा अमृत योजना कार्यक्रम मे अन्तर्गत उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा विजय नगर क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल योजना को नगर निगम में हस्तान्तरित किया गया है। जल निगम द्वारा विजय नगर क्षेत्र में पानी की आपूर्ति हेतु बागू में लाल क्वार्टर, शांतिनगर में एसटीपी के पास और डूडाहेडा में लाल घोड़े मंदिर के पास तथा विजय नगर पार्क की टंकियों, ओवर जलाशय का निर्माण पानी की आपूर्ति पाईप लाईनें आदि सभी कार्य पूर्ण हो गये है। 10 अगस्त 2023 को और फिर 30 जनवरी 2024 को पत्र द्वारा नगर निगम को हस्तान्तरण के लिए दिया जा चुका है। लेकिन भाजपा के ही पूर्व पार्षद का भाजपा के सांसद को लिखा पत्र बता रहा है कि विजय नगर क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या बरकरार है और ये टंकियां अगर नगर निगम को हस्तान्तरण हो जायें तो पानी की किल्लत खत्म हो सकती है। हर घर नल योजना का लाभ विजय नगर की इन चार कॉलोनियों को नहीं मिला है। टंकियों का निर्माण हो जाने के बाद भी पानी नहीं आ रहा है। बताते हैं कि टंकी बनकर तैयार हो गई है लेकिन पीने का पानी फाईलों के जाल में उलझ गया है। अब सांसद से गुहार लगायी गई है और देखते है कि पीने का पानी इन टंकियों में उतरेगा।





# मिनी ट्रैवलर में टेली कॉलिंग से ठगने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में मिनी ट्रैवलर में टेली कॉलिंग से ठगी करने वाले तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। इंदिरापुरम पुलिस ने तीनों ठगों को गिरफ्तार कर ठगी का खुलासा किया है।कोतवाली पुलिस ने मिनी ट्रैवलर में बैठकर दिल्ली एनसीआर के लोगों को टेली कॉलिंग के जाल में फंसाकर ठगी करने वाले तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। तीनों शातिर क्रेडिट कार्ड धारकों को कॉल करके उन्हें रिडीम पॉइंट का झांसा देकर निवेश कराते थे। पुलिस को तीनों से मिनी ट्रैवलर बस, 20 फोन, 16 सिम कार्ड, क्रेडिट कार्ड धारकों के नाम और नंबर लिखे 31 पेज, 30 बैटरियां, चार चेकबुक और किराए अनुबंध की तीन कापियां बरामद की हैं। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि सुशांत कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी नंद विहार द्वारका सेक्टर 16 दिल्ली मूल निवासी त्रिवेंद्रम केरल, सन्नी कश्यप पुत्र ओमवीर निवासी विकास कुंज फर्रुखनगर टीलामोड, अमन गोस्वामी पुत्र घनश्याम निवासी राज नगर कॉलोनी थाना लोनी बॉर्डर को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुशांत ने पूछताछ में बताया कि उनके गिरोह में 7 लोग काम करते हैं जिसमें एक लड़की उन्हें क्रेडिट कार्ड धारकों का डाटा उपलब्ध कराती है।

# सड़क हादसों में 3 लोगों की मौत, तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मारी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि तीसरे की हालत गंभीर है। उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। दूसरे हादसे में अज्ञात वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक की मौत हो गई।

### ई-रिक्शा सवार दो की मौत

ये हादसा सिहानी गेट थाना क्षेत्र क्षेत्र में अंबेडकर रोड पर बस अड्डे से चौधरी मोड़ जाने वाली लेन पर हल्दीराम रेस्टोरेंट के सामने हुआ। काले रंग की होंडा अमेज कार तेज रफ्तार में पुराना बस अड्डा से चौधरी मोड़ की तरफ जा रही थी। कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक रिंकू कुमार और सवारी सोनू की मौत हो गई। वहीं एक युवक घायल हो गया। उसे गाजियाबाद के टटऋहॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को रौंदा

अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर एक अन्य हादसा लिंक रोड थाना क्षेत्र में हुआ। एक व्यक्ति साइकिल पर सवार होकर सूर्य नगर होते हुए अपने घर जा रहा था। रंगोली तिराहा के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। इस हादसे में साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शांति गोपाल अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान रामचंद्र निवासी नंदनगरी दिल्ली के रूप में हुई।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने गर्ग साहब ने ऐसा क्या कर दिया है? सुना है उन्होंने अपने प्रिय चेहरे को दावेदारी की दौड़ में तीसरे नंबर पर कर दिया है? पहले नंबर पर दिया है उन्होंने पंजाबी चेहरे को स्थान? दूसरे पर रखा है उन्होंने गोयल साहब का नाम? तीसरे पर की है उन्होंने ब्राह्मण चेहरे की फिक्र? जो राजनीति के जानकार हैं, वो समझ ही रहे होंगे? हम कर रहे हैं यहां पर किन लोगों का जिक्र?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि अचानक भगवा कमांडर को हुआ है इस बात का एहसास? रेडफेस मैन का चेहरा और ज्यादा गुलाबी हो जाता है? जब उनके फेस को होर्डिंग पर स्थान मिलता है खास? सुना है सदस्यता अभियान में की है भगवा कमांडर ने मिस्टर नागर और लाल चेहरे वालों की फिक्र? लाईन पार में जहां जहां लगाये हैं सदस्यता के होर्डिंग? वहां पर हुआ है इन दोनों के चेहरे का भी जिक्र?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ दिन पहले फेसबुक पर चला था विरोध में पोस्ट डालो अभियान? इस अभियान को धार देने के लिए हुआ था अंदरखाने काम? की थी एक बड़े चेहरे ने मामले को तूल देने के लिए टूलकिट तैयार? सुना है जो योजना बनी थी वो उजागर हो गई है यार? उजागर होने वाले चेहरों ने इस बात को वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब के सामने भी किया है स्वीकार? कहा है हम तो किसी के कहने पर पोस्ट वॉर चला रहे थे? बाकी इससे ज्यादा नहीं है हम गुनहगार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं भगवा कमांडर को याद दिलाना चाहता हूं एक बात? फिर बाद में वो ये ना बोलें कि मैंने नहीं दिलाया था उनको याद? मैं बस उनसे कहना चाहता हूं कि सदस्यता वाले अभियान में वो शहर सीट से दावेदार सतेन्द्र चौधरी का भी रखें ध्यान? हमें पता है ये चेहरा भी बना रहा है चुनाव लड़ने का प्लान? इस चेहरे को भी मिलना चाहिए सदस्यता का ठीक-ठाक काम? इन्होंने भी उठाया हुआ है अपने दावेदारी से तूफान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा की है कांग्रेस की योजना पर नजर? यहां पर जातिगत फैक्टर का देखा जा रहा है असर? अगर कांग्रेस ने उतारा वैश्य दावेदार? तो फिर भाजपा शहर सीट पर पंजाबी या ब्राह्मण चेहरे पर करेगी विचार? अगर कांग्रेस ने उतारा ब्राह्मण फेस, तो फिर भाजपा से तैयार होगा चुनाव लड़ने के लिए वैश्य फेस? भाजपा किसी भी रूप में नहीं देना चाहती इस चुनाव में कोई भी कमजोर संदेश?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के एक बड़े जाट नेता के दिल में आए हैं कुछ अलग विचार? वो चाहते हैं इस बार शहर विधानसभा का टिकट दिया जाए उस वैश्य चहरे को जिस पर दर्द टूटा है आपार? सिम्पथी के आधार पर हो इस बार टिकट का वितरण? सुना हैं तैयार कर लिया है उन्होंने अपने दिल में इस बात का चित्रण? जल्द ही वो पार्टी के तमाम नेताओं के बीच में प्रकट करेंगे अपनी राय? कहेंगे दो साल की बात है इस बार टिकट इन वैश्य चेहरे को दे दिया जाएँ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने किजब आई इंदरापुरम हैंडओवर की सूचना? तो स्थानिय पार्षदों ने मिलकर मनाया साथ में जीत का जश्न ? हमने देखा तस्वीर में पांच पार्षद नजर आ रहे थे? एक पार्षद के नहीं हो रहे थे उनके साथ दीदार? सुना हैं अंदरखाने इन पार्षदों ने छठे पार्षद का किया हुआ है बहिष्कार? इन पाँचों ने जिस मेम्बर को किया है सीन से आउट? उन्होंने ही हमेशा हैंडओवर की बात निगम में उठाई है लाउड?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे नगर निगम के जय और वीरू के बीच? यहाँ पर वीरू के शब्द कर रहे थे ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधी की तारीफ की तजदीक? मगर उनकी बातों में बीच-बीच में दिख रहा था हमें झोल? ऐसा लग रहा था काफी बातें वो घुमा कर रहे हैं बोल? उनके दिल में कुछ दर्द भी झलक रहा था यार? वो बार-बार जय से कह रहे थे, ऐसे-कैसे होगा निगम का उद्धार? लगातार सुनने पड़ रहे थे वीरो के मुक से जय को तीखे वाले विचार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मुराद पूरी करने वाले एरिये के शहर वाले भगवा कमिशनर को दिया है भगवा कमांडर ने विशेष टार्गेट? एरिया के दस बड़े चेहरों का दिया है उनको लिस्ट में नाम? कहा है, इनसे संपर्क करो ये मजबूती से देंगे सदस्यता को अंजाम? सुना है इस लिस्ट से गायब था विकास डागर का नाम? भगवा पहलवान ने दिलाया इस बात पर ध्यान? फिर भगवा कमिशनर को दिया गया निर्देश? इस चेहरे को भी सदस्यता में लगाओ ये चेहरा बनाएगा बहुत ही मजबूत वाला बेस?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कोई कितने ही लगाए हिसाब? गागर में सागर भरने वाले नागर करते हैं सिर्फ अपने मन की बात? सुना है उन्होंने भगवा कमांडर से कहा था वो पांच मिनट में देंगे पार्टी कार्यालय पर दस्तक? उनका इंतजार करते रहे रेड फेस मैन और कई चेहरों के मस्तक? मगर तमाम फोन करने के बावजूद मिस्टर नागर ने किसी की कॉल नहीं की पिक? करा दिया अहसास, हम है अपने मन के राजा? हम नहीं उठाना चाहते आपका फोन साहब?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

# सुरक्षा पर सियासत

सारे राजनीतिक भेद-मतभेद जैसे अचानक ही खत्म हो गए। मंगलवार को जब पश्चिम बंगाल विधानसभा में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए अपराजिता विधेयक पेश किया गया, तो पक्ष-विपक्ष सब एक साथ खड़े दिखाई दिए। विधेयक को सर्वसम्मति से पास किया गया। ममता बनर्जी ने विपक्ष के विधायकों से कहा कि वे राज्यपाल से इस विधेयक को स्वीकृति देने का अनुरोध करें, ताकि इसे आगे राष्ट्रपति के पास भेजा जा सके। विपक्ष के नेता भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने तो राज्यपाल से इसकी अपील भी कर दी। पिछले कुछ दिनों में कोलकाता की सड़कों ने एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के बाद जिस तरह की राजनीति और गुंडागर्दी देखी है, उसके बाद इस तरह की आम सहमति एक उम्मीद बंधा सकती थी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। विधेयक भले ही सर्वसम्मति से पास हुआ हो, पर जिस तरह की राजनीति वहां दिखी, वह किसी भी तरह से आश्वस्त करने वाली नहीं थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो दूसरे राज्यों में हुए बलात्कारों की पूरी फेहरिस्त ही पेश कर दी। वह इतने पर ही नहीं रुकीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और तमाम राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस तर्क के साथ इस्तीफे की मांग कर डाली कि वे महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकाम रहे हैं। याद रहे, भाजपा नेता कोलकाता अस्पताल बलात्कार और हत्या के मामले में कई दिनों से ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। सो, मुख्यमंत्री ने सोचा कि इसका राजनीतिक जवाब थोक भाव में इस्तीफे की मांग कर ही दिया जा सकता है।

अब आते हैं अपराजिता विधेयक पर। निश्चित तौर पर इसमें कुछ बातें बहुत अच्छी हैं। यह विधेयक इसे स्पष्ट तौर पर कहता है कि अगर किसी का बलात्कार करके हत्या कर दी जाती है या फिर बलात्कारी उसे पूरी तरह अक्षम बना देता है, तो इसके दोषी को मृत्युदंड ही दिया जाना चाहिए। ठीक यहीं पर हमें थोड़ा रुककर 2012 के निर्भया कांड को याद कर लेना चाहिए, जिसके बाद बलात्कार से संबंधित कानूनों में बदलाव के लिए जस्टिस जेएस वर्मा आयोग की स्थापना हुई थी। इस आयोग ने बहुत बड़े विमर्श के बाद बहुत ही कम समय में अपनी रिपोर्ट दी थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर केंद्र ने जो कानून बनाया, उसमें दोषी को अधिकतम सजा के तौर पर मृत्युदंड का प्रावधान था। मगर क्या हुआ? अगर हम निर्भया कांड के दोषियों को छोड़ दें, तो बाद में किसी भी बलात्कारी को कभी मृत्युदंड नहीं दिया गया। इस विधेयक में एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि अगर किसी को बलात्कार के लिए आजीवन कारावास होता है, तो उसे इस सजा के दौरान किसी भी तरह की पेरोल या फरलो नहीं दी जाए। हाल-फिलहाल के बहुत सारे संदर्भ बताते हैं कि कानून में इस तरह के प्रावधान कितने जरूरी हैं।

कानूनों में खामियां हो सकती हैं, लेकिन उससे ज्यादा खतरनाक है बलात्कार पर होने वाली राजनीति। राजनीति में बलात्कार को अक्सर राजनीतिक औजार की तरह इस्तेमाल किया जाता है। जो कोलकाता के कांड पर हल्ला मचा रहे हैं, वे बदलापुर की घटनाओं पर चुप्पी लगा जाते हैं और जो बदलापुर पर चिल्ला रहे हैं, वे कोलकाता की वारदात पर कुछ नहीं बोलते। बलात्कार की हर वारदात के बाद जनता का गुस्सा राजनीति के इन आरोपों-प्रत्यारोपों के आगे दम तोड़ देता है। बलात्कार पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। इसे लेकर कोई आम सहमति बनाने की कोशिश क्यों नहीं होती?

# कुल औसत घरेलू खर्च में खाद्य वस्तुओं की हिस्सेदारी आधुनिक भारत में पहली बार आधे से कम हुई



**नई दिल्ली।** भारत के खपत के तरीके में पिछले कुछ समय में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खाद्य वस्तुओं की कुल घरेलू खर्च में हिस्सेदारी में बड़ी कमी देखने को मिली है। एक सरकारी नोट में यह जानकारी सामने आई। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहाकार परिषद (ईएसी) की ओर से 'भारत की खाद्य खपत और नीतिगत निहितार्थों में परिवर्तन' शीर्षक वाले नोट में कहा गया कि आधुनिक भारत (आजाद भारत) के इतिहास में यह पहली बार है, जब कुल औसत मासिक घरेलू खर्च में खाद्य वस्तुओं की हिस्सेदारी घटकर आधे से भी कम रह गई है।

खाद्य वस्तुओं में भी शहरी और ग्रामीण इलाकों में भी अनाज पर होने वाले खर्च में कमी देखने को मिली है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि शहरी और ग्रामीण इलाकों में अंतिम 20 प्रतिशत परिवारों के कुल घरेलू खर्च में खाद्य वस्तुओं पर खर्च में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। यह सरकारी योजनाओं की प्रभाव को भी दिखाता है। सरकार की ओर से सभी राज्यों में बड़ी संख्या में लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा फायदा देश के अंतिम 20 प्रतिशत परिवारों को मिल रहा है। अनाज पर खर्च कम होने के कारण अब परिवारों की ओर से अन्य खाद्य वस्तुओं जैसे दूध, दुग्ध उत्पाद, ताजे फल, अंडे, मछली और मीट पर खर्च कर पा रहे हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत सरकार की ओर से 80 करोड़ गरीब लोगों को निशुल्क अनाज दिया जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा फायदा गरीब लोगों को मिल रहा है। नोट में कहा गया कि कुल घरेलू खर्च में खाद्य वस्तुओं की हिस्सेदारी में आए बदलाव का कृषि नीति और देश की स्वास्थ्य और पोषण नीतियों पर प्रभाव पड़ता है। भारत की खपत में आए इस बदलाव का भविष्य में सीपीआई कैलकुलेशन के तरीके पर भी होगा।

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# शेयर बाजार लाल निशान में खुला, पीएसयू बैंक और इंफ्रा शेयरों पर दबाव



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत को गिरावट के साथ हुई। बाजार के मुख्य सूचकांकों में दबाव के साथ कारोबार हो रहा है। सुबह 9:23 पर सेंसेक्स 173 अंक या 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,027 और निफ्टी 44 अंक या 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,100 पर था। बाजार में मुख्य सूचकांकों में गिरावट के बाद भी व्यापक बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), 1368 शेयर हरे निशान में और 769 शेयर लाल निशान में हैं। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी मिलाजुला कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 59 अंक या 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,397 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 76 अंक या 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,599 पर है। एनएसई पर पीएसयू बैंक, एनर्जी, इंफ्रा, मीडिया और कमोडिटी इंडेक्स में पर दबाव बना हुआ है।

फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और आईटी में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एचयूएल, विप्रो, इंडसइंड बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, नेस्ले, टाटा मोटर्स और टाटा स्टील टॉप गेनर्स हैं। एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक और इन्फोसिस टॉप लूजर्स हैं। एशिया के बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई और सोल में गिरावट है। वहीं, जकार्ता और बैंकॉक के बाजारों में तेजी है।

अमेरिका के बाजार गुरुवार को मिलेजुले बंद हुए थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि मध्यम अवधि में अमेरिका के बाजारों के आधार पर ही बाजार की चाल निर्भर करेगी। भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति काफी मजबूत है। एफडीआई वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 47 प्रतिशत बढ़ा है। बाजार के लिए सबसे बड़ी चिंता अभी महंगे वैल्यूएशन की है। निवेशकों को हर गिरावट पर अच्छी वैल्यू वाले शेयरों में खरीदारी करनी चाहिए।

# त्योहारों से पहले टियर-2 और 3 शहरों में बढ़ी सीजनल नौकरियां




**नई दिल्ली।** भारत में त्योहारी सीजन से पहले टियर-2 और टियर-3 शहरों में सीजनल नौकरियों में इजाफा देखने को मिल रहा है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। ग्लोबल हाइरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि सीजनल नौकरियों में पिछले साल की तुलना में इस साल 20 प्रतिशत की बढ़त होने का अनुमान है। महानगरों जैसे मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली और कोलकाता में पिछले साल के मुकाबले सीजनल नौकरियों की मांग में 18 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। वहीं, टियर-2 और टियर-3 शहरों जैसे नागपुर, जयपुर, बड़ौदा, कोच्चि, वाइजैग, मदुरै, लखनऊ, गुरुग्राम, चंडीगढ़, इंदौर, कोयंबटूर, सूरत, भुवनेश्वर और भोपाल में सीजनल नौकरियों में 22 से 25 प्रतिशत या उससे अधिक का इजाफा देखने को मिल रहा है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और क्विक कॉमर्स इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह मौजूदा ग्राहकों की ओर से आने वाली मांग है। भविष्य में भारत का जॉब मार्केट इस दिशा में ही आगे बढ़ेगा। टियर-2 और 3 शहरों में ग्राहकों द्वारा किए जाने वाले खर्च में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसकी वजह आर्थिक परिस्थितियों का अच्छा होना और खर्च योग्य आय में बढ़ोतरी होना है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि इंटरनेट के ज्यादा लोगों तक पहुंचने के कारण ई-कॉमर्स, रिटेल और लॉजिस्टिक जैसे सेक्टरों में सीजनल नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं। सीजनल नौकरियों में डिलीवरी एग्जिक्यूटिव, वेयरहाउस कर्मचारी, लॉजिस्टिक कॉर्डिनेटर, इन-स्टोर सेल्स एग्जिक्यूटिव और कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव की मांग बढ़ रही है। रिपोर्ट में बताया गया कि 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ई-कॉमर्स इसका नेतृत्व कर रहा है, क्योंकि ऑनलाइन शॉपिंग का चलन बढ़ने से बड़ी संख्या में ऑर्डर आने के चलते डिलीवरी एग्जीक्यूटिव और वेयरहाउस स्टाफ की मांग बढ़ रही है।

# देश में 17.1 करोड़ हुई डीमैट खातों की संख्या, अगस्त में खुले 40 लाख से ज्यादा नए अकाउंट




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार की तरफ लोगों का रुझान बढ़ने के कारण देश में डीमैट खातों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। अगस्त में देश में 40 लाख से ज्यादा नए डीमैट अकाउंट खुले हैं, जिसके कारण कुल डीमैट खातों की संख्या 17 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) में 31 अगस्त तक कुल डीमैट खातों की संख्या 17.1 करोड़ थी। 2024 की शुरूआत से अब तक हर महीने करीब 40 लाख नए डीमैट अकाउंट खुल रहे हैं। चालू वर्ष के शुरूआती आठ महीनों में करीब 3.2 करोड़ डीमैट अकाउंट खुल चुके हैं। बड़ी संख्या में डीमैट अकाउंट खुलने की वजह इस कैलेंडर वर्ष में नए आईपीओ का आना भी है। करीब 50 से अधिक कंपनियां 2024 की शुरूआत से 31 अगस्त तक आईपीओ के जरिए 53,419 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से की गई स्टडी में कहा गया था कि बड़ी संख्या में निवेशक केवल आईपीओ में हिस्सा लेने के लिए डीमैट खाते खोल रहे हैं। स्टडी में बताया गया था कि अप्रैल 2021 से लेकर दिसंबर 2023 तक आईपीओ के आवेदन के लिए उपयोग किए गए डीमैट में से करीब आधे महामारी के बाद खोले गए हैं। 2024 में शेयर बाजार ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। इस साल की शुरूआत से लेकर अब तक निफ्टी करीब 15 प्रतिशत और बीते एक साल में 27 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। वहीं, सेंसेक्स इस साल की शुरूआत से अब तक 13 प्रतिशत का रिटर्न दिया है और बीते एक साल में यह 24 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को दे चुका है। भारतीय शेयर बाजार में तेजी की वजह अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी, जो कि वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## राशिफल

**मेष:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें।

**वृष:** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

**मिथुन:** जीवनसाथी का कार्यों में सहयोग मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। अनुकूल समाचार आएंगे। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे।

**कर्क:** क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें।

**सिंह:** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा।

**कन्या:** मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें।

**तुला:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें।

**धनु:** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी।

**मकर:** नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा।

**कुंभ:** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**मीन:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

## चुटकुले

अब वो दिन दूर नहीं जब पति-पत्नी के बीच डिजिटल लड़ाई कुछ इस तरह होगी

बीवी- ना जाने कौन-सी घड़ी में मैंने तुम्हारी फ्रेंड रिक्रेस्ट की थी।

पति- पत्थर पड़ गये थे मेरी अक्ल पे जो तुम्हारी डीपी को नाईस पिक कहा था।

बीवी- मेरी अक्ल पे भी परदा पड़ा था जो तुम्हारी पिक पे हेंडसम लुक का कमेंट किया था।

पति- अच्छा होता तुम्हें उसी वक्त अन्फ्रेंड कर देता...

बीवी- मैंने भी उसी वक्त तुम्हें ब्लॉक किया होता तो आज ये दिन ना देखना पड़ता।

## रोचक तथ्यों का करंट

- 2002 में एक शेरनी एक हिरन के बच्चे को गोद लेती है और उसे बचाती है! हालांकि, दो हफ्ते बाद, एक नर शेर ने बच्चे को खा डाला, जब शेरनी सोयी हुई थी। आश्चर्य की बात यह है की शेरनी को बहुत ही दु:ख के साथ घूमते देखा गया था और वह क्रोध में दहाड़ते हुए घूमते देखी जा सकती थी।
- बड़े भोजन के बाद, एक नर शेर 24 घंटे तक सो सकते हैं।
- केवल 8 में से 1 पुरुष शेर वयस्कता होने तक जीवित रहते हैं। अधिकांश शेर लगभग 2 वर्ष की आयु के आसपास उनके झुण्ड से बाहर निकाल दिए जाने के तुरंत बाद मर जाते हैं!
- दो आदमखोर 9 फीट लंबे इंसानों का-भोजन करने वाले शेरों ने साल 1898 में केन्या-युगांडा रेलवे में 135 से अधिक श्रमिकों को खाया था।
- क्या आप जानते हैं? जब शेर बाघों से ब्रीड करते हैं, तो उसके परिणामस्वरूप हाइब्रिड को लाइगर और टाइगन कहा जाता है। यहां शेर और तेंदुए के हाइब्रिड भी हैं, जिन्हें लेपन्स के रूप में जाना जाता है और शेर और जगुआर हाइब्रिड, जिन्हें जेगलंस कहा जाता है।



# नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में फाइनल के लिए क्वालिफाई किया, तालिका में चौथे स्थान पर रहे






**नई दिल्ली।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग की 14 सीरीज के बाद समग्र तालिका में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। डायमंड लीग का फाइनल 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा। इस प्रतियोगिता के साथ ही एथलेटिक्स में इस सत्र का समापन भी होगा।

नीरज डायमंड लीग के दोहा और लुसाने चरण में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने कुल 14 अंक अर्जित किए। उन्होंने गुरुवार को ज्यूरिख में आखिरी सीरीज में भाग नहीं लिया था। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चेक गणराज्य के तीसरे नंबर पर रहने वाले जैकब वादलेच से दो अंक पीछे रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मन स्टार जूलियन वेबर क्रमशः 29 और 21 अंकों के साथ शीर्ष दो स्थानों पर रहे। ज्यूरिख प्रतियोगिता में पीटर्स ने वेबर को पीछे छोड़ दिया था। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले नीरज इस सत्र में फिटनेस से जूझ रहे थे। हरियाणा के खिलाड़ी ने कहा है कि ओलंपिक खेलों से पहले से ही उनकी कमर की चोट उन्हें परेशान कर रही है जो 90 मीटर का आंकड़ा छूने की उनकी राह में बाधा बन रही है। नीरज डायमंड लीग के लुसाने चरण में पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। पीटर्स ने तब 90.61 मीटर थ्रो किया था। पेरिस ओलंपिक में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। नीरज ने पिछले महीने अपनी आगे की योजना के बारे में कहा था, 'सबसे पहले मुझे चिकित्सक के पास जाकर अपनी कमर को पूरी तरह से फिट बनाना है। मुझे अपनी तकनीक पर भी काम करना है जिसके बाद मैं दूर तक फेंकने की कोशिश करूंगा।' नीरज ने 2022 और 2023 में डायमंड लीग के लुसाने चरण में जीत दर्ज की थी। वह पिछले साल अमेरिका के यूजीन में खेले गए डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे थे। डायमंड लीग के फाइनल के विजेता को प्रतिष्ठित डायमंड ट्रॉफी, 30000 अमेरिकी डॉलर और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड मिलता है। इस फाइनल के साथ ही नीरज इस सत्र का समापन भी करेंगे।

# नवोदित अहमदाबाद एसजी पाइपर्स सेमीफाइनल में पूर्व चैंपियन दबंग दिल्ली से भिड़ेंगे

**चेन्नई।** नवोदित अहमदाबाद एसजी पाइपर्स 2024 सीजन के दूसरे सेमीफाइनल में 2018 चैंपियन दबंग दिल्ली टीटीसी से शुक्रवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में भिड़ेंगे और अपने पहले अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) खिताब तक पहुंचकर इसे एक यादगार अभियान बनाने की उम्मीद करेंगे।

नॉकआउट मुकाबले का विजेता शनिवार के शिखर मुकाबले में गत चैंपियन एथलीड गोवा चैलेंजर्स के साथ अपनी तारीख तय करेगा। हरमीत देसाई की अगुवाई वाली एथलीड गोवा चैलेंजर्स ने गुरुवार को लगातार दूसरे यूटीटी फाइनल में प्रवेश किया, जब उन्होंने पहले सेमीफाइनल में मनिका बत्रा की अगुवाई वाली पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स को 8-4 से हराया। अपना पहला सीजन खेल रहे अहमदाबाद



एसजी पाइपर्स और दबंग दिल्ली टीटीसी ने बुधवार को लीग चरण की समाप्ति के बाद स्थानों की अदला-बदली की, जिसमें अहमदाबाद स्थित टीम 42 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि दिल्ली की टीम 41 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। बुधवार को अपने अंतिम लीग मैच में जयपुर पैट्रियट्स को 12-3 से हराने के बाद, अहमदाबाद एसजी पाइपर्स पूर्व चैंपियन दबंग दिल्ली टीटीसी के खिलाफ कमर कसते हुए एक जबरदस्त ताकत के रूप में दिखाई दे रहे हैं।

**क्रमशः** युवा मानुष शाह और अनुभवी जी सत्यन के नेतृत्व में, दोनों पक्षों के बीच का संघर्ष एक पूर्ण थ्रिलर होने का वादा करता है, जिसमें मानुष और सत्यन दोनों संभावित रूप से पुरुष एकल ओपनर में आमने-सामने होंगे। अहमदाबाद एसजी पाइपर्स टीम में रोमानिया की विश्व नंबर 13 बनार्डेट स्जोक्स की मौजूदगी थाईलैंड के ओरावन परानांग के खिलाफ संभावित मैच में उनके समीकरण को मजबूत करती है।

**टीमें :**

अहमदाबाद एसजी पाइपर्स: मानुष शाह, बनार्डेट स्जोक्स (रोमानिया), लिलियन बार्डेट (फ्रांस), रीथ टेनिसन, कृतिकवा सिन्हा रॉय, जश मोदी

दबंग दिल्ली टीटीसी : जी सत्यन, ओरावन परानांग (थाईलैंड), दीया चितले, एंड्रियास लेवेंको (ऑस्ट्रिया), यशांश मलिक, लक्षिता नारंग

# 900वां करियर गोल दाग कर भावुक हुए फुटबॉलर रोनाल्डो

## पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली।** बैलन डी'ओर के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गुरुवार को क्रोएशिया के खिलाफ मैच में करियर गोल दागने के बाद भावुक हो गए। रोनाल्डो ने करियर का रिकॉर्ड 900वां गोल दागा जिससे उनकी टीम ने यूएफा नेशंस लीग के पहले मैच में क्रोएशिया को 2-1 से हरा दिया। रोनाल्डो ने कुछ दिन पहले सऊदी अरब में अपने क्लब अल-नस्त्र के लिए शानदार फ्री-किक पर गोल किया और इस उपलब्धि के नजदीक पहुंचे थे। गुरुवार रात को इस 39 वर्षीय फुटबॉलर ने माइलस्टोन हासिल करते हुए ऐसे जश्न मनाया, जैसे कि उन्होंने अपने करियर का पहला गोल किया हो।

सऊदी अरब में क्लब फुटबॉल खेलने वाले रोनाल्डो ने एस्टाडियो डा लूज में खेले गए मैच के 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर गोल कर प्रोफेशनल फुटबॉल में इतिहास रच दिया। पुर्तगाल की जर्सी में यह उनका 131वां गोल रहा।

गोल का जश्न मनाते हुए रोनाल्डो भावुक नजर आए। 900 में से उनके आधे गोल रियल मैड्रिड के लिए आए हैं। बाकी गोल उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा स्पोर्टिंग लिस्बन, मैनचेस्टर यूनाइटेड, युवेंतस और मौजूदा क्लब अल नस्त्र के लिए किए हैं।

रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर अपने माइलस्टोन को शेयर भी किया है। इस पोस्ट में उन्होंने कुछ ऐसा लिखा जिससे यह प्रतीत होता है कि वह हाल-फिलहाल में संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। उन्होंने लिखा- मैंने इसका सपना देखा था, मेरे और भी कई सपने हैं। आप सभी का धन्यवाद! रोनाल्डो को विश्व के महानतम फुटबॉलर्स में से एक माना जाता है। उनके और अर्जेंटीना के लियोनल मेसी के बीच मौजूदा समय के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर को लेकर बहस रहती है। हालांकि, मेसी ने 2022 में फीफा विश्व कप जीतकर कुछ हद तक इस बहस को आसान बना दिया था, लेकिन रोनाल्डो का क्लब करियर बेहद शानदार है। रोनाल्डो पहले से ही प्रोफेशनल फुटबॉल और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर मेसी हैं, जिन्होंने प्रोफेशनल फुटबॉल करियर में 838 गोल किए हैं।



मैच की बात करें तो रोनाल्डो के गोल से पहले डिओगो डालोट के गोल ने पुर्तगाल को शुरूआत में ही बढ़त दिला दी थी। हालांकि, डालोट ने इसके बाद एक आत्मघाती गोल भी दागा, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। रोनाल्डो के गोल से पुर्तगाल जीत हासिल करने में कामयाब रहा। दोनों टीमें नेशंस लीग के ग्रुप ए-1 में पोलैंड और स्कॉटलैंड के साथ हैं। पुर्तगाल रविवार को लिस्बन में स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगा।




# इरानी-वावसोरी को मिश्रित युगल का खिताब, पेगुला-सबालेंका में होगा फाइनल मुकाबला

**न्यूयॉर्क।** सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने गुरुवार को टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग को 7-6 (0), 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। इटली की अपनी साथी रोबर्टा विंची के साथ महिला युगल में करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इरानी का यह अपने करियर का पहला मिश्रित युगल खिताब है। उन्होंने पिछले महीने जैस्मीन पाओलिनी के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक खेलों में महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था। बचपन के मित्र टाउनसेंड और यंग को अमेरिकी ओपन में इस साल वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। यंग पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह इस टूर्नामेंट के बाद टेनिस से संन्यास ले लेंगे। अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस





टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा। न्यूयॉर्क की 30 वर्षीय छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने करोलिना मुचोवा को 1-6, 6-4, 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल के एक अन्य सेमीफाइनल में पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने अमेरिका की एम्मा नवारो को 6-3, 7-6 (2) से हराया। पेगुला की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उन्हें संघर्ष करना पड़ा। मुचोवा ने पहला सेट आसानी से 28 मिनट में जीता। उन्होंने पहले नौ गेम में से आठ में जीत हासिल की और दूसरे सेट में वह 3-0 से आगे थी लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई। पेगुला तब तक लय हासिल कर चुकी थी और उन्होंने इसके बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

# पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश बोले- अगले ओलंपिक में स्वर्ण जीत सकती है भारतीय हॉकी टीम

**लॉस एंजिलिस।** भारत के महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय हॉकी टीम 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले खेलों में स्वर्ण पदक जीत सकती है।

पेरिस ओलंपिक के बाद खेल को अलविदा कहने वाले श्रीजेश ने यहां पत्रकारों से कहा, 'हमारे पास काफी प्रतिभाशाली टीम है। मेरी जगह लेने वाला कृशन पाठक शानदार गोलकीपर है। यह टीम लॉस एंजिलिस ओलंपिक में स्वर्ण जीत सकती है।

श्रीजेश ने कहा, 'बिहार में मैने सकारात्मक बदलाव देखें हैं, खासकर राजगीर में खेल परिसर में। वहां अब एस्ट्रो टर्फ लग गई है और इस साल के आखिर में महिला एशियाई कप ट्रॉफी भी खेली जा रही है।' उन्होंने कहा, 'बिहार देश में खेल का अगला केंद्र बन सकता




है। मैने यहां खेल विभाग के अधिकारियों से बात की है और कई नयी पहल यहां शुरू हो रही है।

भारतीय जूनियर टीम के कोच बने श्रीजेश ने कहा कि उनकी नजरें अगले एशिया कप पर है और वे पूर्व क्रिकेट कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ से प्रेरणा लेते हैं। भारतीय क्रिकेट की दीवार कहे जाने वाले द्रविड़ ने कोच के तौर पर भारतीय क्रिकेट में सराहनीय योगदान दिया है।

# आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ दें क्योंकि हर जीत मायने रखती है : यशस्वी जायसवाल

**नई दिल्ली।** भारत के युवा बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का मानना है कि टीम अगले कुछ महीनों में जो दस टेस्ट मैच खेलेगी उनमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

उन्होंने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए हर जीत बहुत मायने रखती है। जायसवाल ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू में शानदार 171 रन बनाए थे और इस साल इंग्लैंड पर भारत की 4-1 की जीत में उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था, जिसमें विशाखापत्तनम और राजकोट में लगातार दो दोहरे शतक शामिल थे। वह सुनील गावस्कर के बाद द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला में 700 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। जायसवाल ने जियोसिनेमा से कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कारण हर मैच




महत्वपूर्ण है।

आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ दें क्योंकि हर जीत मायने रखती है। भारत के लिए खेलने का कोई भी अवसर अविश्वसनीय है, और देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। भारत अपने घरेलू सत्र की शुरूआत बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगा। बांग्लादेश रावलपिंडी में पाकिस्तान पर 2-0 से ऐतिहासिक श्रृंखला जीत हासिल करने की लय को बरकरार रखने के इरादे से उतरेगा। जायसवाल ने कहा, मुझे लगता है कि वे अच्छा खेल रहे हैं।

उनके साथ मुकाबला करना मजेदार होगा, बिना किसी परवाह के टेस्ट मैच खेलना मजेदार है। मैं वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं। गुरुवार को, जायसवाल ने बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैच में भारत बी के कुल 321 में से 30 रन बनाए।

उन चीजों के बारे में पूछे जाने पर, जिनसे उन्हें घरेलू से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सहज बदलाव करने में मदद मिली, जायसवाल ने कहा, मैंने अपनी फॉर्म को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि मैं इसे बनाए रखूं, ऐसा करना जारी रखूंगा। मैं अपने अभ्यास और तैयारी में जितना अधिक सुसंगत रहूंगा; मेरे परिणाम बेहतर होंगे। मैं ज्यादा नहीं सोचता, मुझे बस अच्छी तैयारी करनी है और एक खिलाड़ी के रूप में खुद में सुधार करना है। जितना अधिक मैं इन चरणों को दोहराऊंगा, मुझे उतना ही बेहतर परिणाम मिलेगा।

# स्थानीय प्रतिभाओं के लिए फायदेमंद साबित हो रही है केरल क्रिकेट लीग की सफलता

**तिरुवनंतपुरम।** केरल का प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित क्रिकेट टूर्नामेंट केरल क्रिकेट लीग (केसीएल) इन दिनों धूम मचा रहा है। स्टार स्पोर्ट्स पर लाइव टेलीकास्ट के साथ, यह टूर्नामेंट क्रिकेट प्रशंसकों, प्रतिभा खोजकर्ताओं और यहां तक कि आईपीएल फ्रेंचाइजियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है क्योंकि ये सभी नई स्थानीय प्रतिभाओं को उभरते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। केसीएल सिर्फ.एक टूर्नामेंट नहीं है; यह एक ऐसा मंच है जहां सपने साकार होते हैं और केरल के क्रिकेट के भविष्य को आकार दिया जा रहा है। छह प्रतिस्पर्धी टीमों- एलेप्पी रिपल्स, त्रिशूर टाइटन्स, त्रिवेंद्रम रॉयल्स, कोच्चि ब्लू टाइगर्स, कालीकट ग्लोबस्टार्स और कोल्लम सेलर- की हिस्सेदारी वाली यह लीग क्षेत्रीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। केसीएल उभरते हुए खिलाड़ियों को उच्च दबाव वाले माहौल में प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान करता है, जिससे उन्हें लोगों के सामने आने और अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक




कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। स्थानीय क्रिकेटरों ने पहले ही सुर्खियाँ बटोरनी शुरू कर दी हैं। एम. अजहरुद्दीन, अभिषेक नायर, एम. अजनास और सलमान निसार ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया और शानदार मंच पर अपनी क्षमता का परिचय दिया। इस बीच, बासित और आनंद जोसेफ ने शुरूआती मैचों में ही शानदार 5 विकेट लिए। बासित ने मैच जीतने वाले अपने प्रदर्शन के बाद कहा, अपनी टीम की सफलता में योगदान देना अविश्वसनीय अहसास है। यहां प्रतिस्पर्धा कड़ी है और हर मैच हमें अपनी सीमा तक ले जाता है।

# सिमरन महिलाओं के 100 मीटर - टी12 फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं, पदक से चूकीं

**पेरिस।** भारत की सिमरन शर्मा गुरुवार को यहां पेरिस में पैरालंपिक खेलों में महिलाओं के 100 मीटर-टी12 फाइनल में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गईं। सिमरन ने चार खिलाड़ियों के फाइनल में 12.31 सेकेंड का समय निकाला। उन्होंने फाइनल में बहुत अच्छा प्रयास किया लेकिन धीमी शुरूआत के कारण पदक की स्थिति में नहीं पहुंच सकीं और इसकी भरपाई नहीं कर सकीं। क्यूबा की ओमारा एलियास डूरंड, जिन्होंने 11.81 सेकंड के सीजन-सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता; यूक्रेन की ओक्साना बोटुरचुक ने 12.17 सेकंड के साथ रजत पदक जीता, जो सीजन के लिए उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, जबकि जर्मनी की कैटरीन म्यूलर-रॉटगार्ड ने 12.26 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। गाइड अभय सिंह के साथ दौड़ने वाली सिमरन की शुरूआत धीमी रही और वह इससे




उबर नहीं सकी और उसने 12.31 सेकेंड का समय निकाला। इससे पहले, सिमरन ने गुरुवार को स्टेड डी फ्रांस में 12.33 सेकंड के समय के साथ सेमीफाइनल 2 में दूसरे स्थान पर रहने के बाद महिलाओं की 100 मीटर -टी12 फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। 24 वर्षीय मौजूदा विश्व चैंपियन सिमरन सेमीफाइनल में जर्मनी की कैटरीन म्यूलर -रॉटगार्ड के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। सिमरन ने तीसरी सबसे तेज धावक के रूप में फाइनल में अपनी जगह पक्की की। नियम के अनुसार, प्रत्येक सेमीफाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त धावक और अगले 2 सबसे तेज धावक फाइनल में आगे बढ़ते हैं। क्यूबा की ओमारा डूरंड पहले सेमीफाइनल में शीर्ष पर रहीं। कुल मिलाकर, ओमारा ने दो सेमीफाइनल में 12.01 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया, उसके बाद जर्मनी के म्यूलर-रॉटगार्ड (12.26 सेकंड) और सिमरन (12.33 सेकंड) रहे। यूक्रेन की ओक्साना बोटुरचुक 12.36 सेकेंड का समय लेकर फाइनल में जगह पक्की करने वाली चौथी और आखिरी सबसे तेज धाविका रहीं। वह अपने सेमीफाइनल में दूसरे स्थान पर रही।

# आयरलैंड घरेलू सफेद गेंद श्रृंखला में इंग्लैंड का सामना करने के लिए तैयार : एमी हंटर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले आयरलैंड की विकेटकीपर-बल्लेबाज एमी हंटर ने कहा कि टीम पिछले महीने एशियाई चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ 2-1 से सीरीज जीत से मिले आत्मविश्वास पर भरोसा करेगी। एकदिवसीय श्रृंखला के समापन के बाद, आयरलैंड और इंग्लैंड 14 और 15 सितंबर को क्लोंटारफ में दो टी20 मैचों में आमने-सामने होंगे। बीबीसी स्पोर्ट ने हंटर के हवाले से कहा, उस श्रृंखला में जीत हासिल करना बहुत बड़ी बात थी। टीम के भीतर हम जानते थे कि हम इसमें सक्षम हैं, लेकिन जीत हासिल करना हमारे लिए बहुत प्रभावशाली था। 18 वर्षीय खिलाड़ी बड़े खिलाड़ियों की कमी के बावजूद अंग्रेजी टीम की क्षमताओं से अच्छी तरह वाकिफ है। उन्होंने कहा, रइंग्लैंड एक बहुत ही प्रभावशाली टीम है, भले ही उसके कुछ विश्व कप खिलाड़ी नहीं हैं, लेकिन टैमी ब्यूमोंट और केट क्रॉस जैसे दो बड़े नाम हैं जो मुझसे जुड़े हुए



हैं। अपने 16वें जन्मदिन पर 2021 में एकदिवसीय शतक बनाने वाली सबसे कम उम्र की पुरुष या महिला क्रिकेटर बनने की अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि पर विचार करते हुए, हंटर ने कहा, यह काफी लंबी यात्रा रही है। तीन साल पहले ऐसा लगता है जैसे जीवन भर पहले हुआ हो। मैंने ऐसा किया है। अभी-अभी अपना ए-लेवल पूरा किया है और मैं वास्तव में खुश हूं कि यह कैसे हुआ। मैं यूसीडी (यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन) में अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए डबलिन जा रही हूं, जहां मैं स्वास्थ्य और प्रदर्शन विज्ञान का अध्ययन करूंगी।

# विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना ने चिली को आसानी से हराया, अल्वारेज चमके

**ब्यूनस आयर्स।** जूलियन अल्वारेज ने एक गोल किया और फिर दूसरा गोल सेट-अप किया, जिससे अर्जेंटीना ने गुरुवार को चिली पर 3-0 से घरेलू जीत के साथ 2026 विश्व कप में जगह बनाने का अपना सफर जारी रखा। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार मेजबानों ने मध्यांतर के तुरंत बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर के माध्यम से गतिरोध को तोड़ दिया, जिन्होंने लुटारो मार्टिनेज द्वारा जूलियन अल्वारेज के क्रॉस को अपने पैरों से गुजरने की अनुमति देने के बाद पहली बार प्रयास में गोल किया। अल्वारेज ने 20-यार्ड ड्राइव के साथ बढ़त को दोगुना कर दिया जो क्रॉसबार के नीचे से टकराकर गोल में चला गया। मैक एलिस्टर के देर से आए स्थानापन्न पाउलो डायबाला ने परिणाम को संदेह से परे कर दिया जब उन्हें एलेजांद्रो गानाचो का पास मिला और उन्होंने बाएं पैर से शॉट मारने से पहले अपने मार्कर



को छकाया और फिर गोलकीपर गेब्रियल एरियास को छका कर गोल कर दिया। एस्टाडियो मोनुमेंटल के परिणाम ने अर्जेंटीना को सात क्वालीफायर मैचों में से 18 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी जोन स्टैंडिंग के शीर्ष पर पांच अंक की स्पष्ट बढ़त दिला दी है। चिली अब तक केवल एक जीत के साथ नौवें स्थान पर है। मौजूदा विश्व कप और कोपा अमेरिका चैंपियन अर्जेंटीना मंगलवार को बैरेंक्विला में कोलंबिया के खिलाफ मुकाबले के साथ क्वालीफायर के अपने डबल हेडर पूरे करेगा, जबकि चिली उसी दिन सैंटियागो में बोलीविया की मेजबानी करेगा। इससे पहले गुरुवार को बोलीविया ने वेनेजुएला पर 4-0 की घरेलू जीत के साथ क्वालीफाइंग अभियान की अपनी दूसरी जीत हासिल की।

**खोया-पाया**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 05/09/2024 को वजीराबाद रोड, गरिमा गार्डन के पास एक काला बैग खो गया है, जिसमें पुष्पांजलि ज्वेलर्स के 2 फार्म 38 (क्रमांक: 2498864, 2498865, जारी तिथि: 15/02/2017) थे।
जिस किसी को भी यह बैग मिले, कृपया सूचित करने की कृपा करें।

धन्यवाद।
पुष्पांजलि ज्वेलर्स
मो.: 9910697896

# ठगी का अनोखा तरीका: गाजियाबाद पुलिस का खुलासा, मिनी ट्रैवलर में टेली कॉलिंग से ठगने वाले तीन गिरफ्तार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कोतवाली पुलिस ने मिनी ट्रैवलर में बैठकर दिल्ली एनसीआर के लोगों को टेली कॉलिंग के जाल में फंसाकर ठगी करने वाले तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। तीनों शातिर क्रेडिट कार्ड धारकों को कॉल करके उन्हें रिडीम पॉइंट का झांसा देकर निवेश कराते थे। पुलिस को तीनों से मिनी ट्रैवलर बस, 20 फोन, 16 सिम कार्ड, क्रेडिट कार्ड धारकों के नाम और नंबर लिखे 31 पेज, 30 बैटरियां, चार चेकबुक और किराए अनुबंध की तीन कापियां बरामद की हैं।

सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि सुशांत कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी नंद विहार द्वारका सेक्टर 16 दिल्ली मूल निवासी त्रिवेंद्रम केरल, सन्नी कश्यप पुत्र ओमवीर निवासी विकास कुंज फर्रुखनगर टीलामोड, अमन गोस्वामी पुत्र घनश्याम निवासी राज नगर कॉलोनी थाना लोनी बॉर्डर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी सुशांत ने पूछताछ में बताया कि उनके गिरोह में 7 लोग काम करते हैं जिसमें एक लड़की उन्हें क्रेडिट कार्ड धारकों का डाटा उपलब्ध कराती है। बाद में सभी आरोपी मिनी ट्रैवलर बस में बैठकर इंदिरापुरम समेत अलग-अलग जगह पर घूम कर क्रेडिट कार्ड धारकों को कॉल करते हैं। जिसमें उन सभी को रिडीम पॉइंट से मुनाफा कमाने के बहाने निवेश कराकर ठगी कर लेते हैं। गिरोह का एक सदस्य उन सभी को मोबाइल और सिम उपलब्ध कराता था। एसीपी का कहना है कि गिरोह के सदस्य लोगों को संपर्क करके फर्जी वेबसाइट पर निवेश की सारी जानकारी अपने पास एकत्रित कर लेते थे। बाद में फर्जी साइट से पॉइंट को रिडीम कर उससे शॉपिंग कर लेते थे। इस दौरान जो पैसा बचता था उसे अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते थे। फिलहाल पुलिस इनके बाकी साथियों का पता कर रही है। एसीपी का कहना है कि तीनों आरोपियों से मिली चेक बुक की जांच कर ठगी की रकम का पता किया जा रहा है।

# अंतिम चेतावनी पर भी अफसरों ने नहीं दिया जीडीए की खाली संपत्तियों का ब्यौरा, अब होगी कार्रवाई

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की खाली पड़ी संपत्तियों का ब्योरा जीडीए वीसी अतुल वत्स ने 31 अगस्त तक देने के निर्देश दिए थे। यह जानकारी लगातार तीसरी बार मांगी गई, लेकिन ब्योरा प्रस्तुत नहीं किया गया। इस मामले में अपर सचिव ने शुक्रवार को संपत्ति अनुभाग के अधिकारियों व बाबुओं की बैठक बुलाई है।




### शुक्रवार को अधिकारी व बाबुओं की बुलाई गई बैठक

फिर से आदेश कोरा साबित हुआ और अधिकांश ने कोई ब्योरा उपलब्ध नहीं कराया। इस मामले में जीडीए के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अधिकारी व बाबुओं की बैठक बुलाई गई है। ताकि रिक्त संपत्तियों का ब्योरा लिया जा सके। बैठक में ब्योरा न देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### 29 जुलाई तक मांगी गई थी जानकारी

बता दें की जीडीए वीसी के आदेश पर अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने संपत्ति अनुभाग के पटल सहायक, अधिकारी और बाबुओं को पत्र लिखकर प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त संपत्तियों की जानकारी 29 जुलाई तक मांगी थी, जो तय तिथि बीत जाने के बावजूद संबंधित अनुभाग के अधिकारी और बाबुओं ने नहीं दी। इसके बाद उन्होंने अगला पत्र जारी करते हुए सात अगस्त तक सूची देने के लिए कहा गया। तय तिथि के बावजूद अधिकारियों व बाबुओं ने इसकी कोई सूची तैयार कर नहीं सौंपी। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने 31 अगस्त की तिथि तय करते हुए कहा कि रिक्त पड़ी संपत्तियों की विस्तृत जानकारी की सूची अगर नहीं सौंपी गई तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।




### यही है टवीस्ट कि प्रभारी रह गये और बाबा से मिल लिया टाईपिस्ट

शहर वाले भगवा देवतुल्य कह रहे हैं कि इतना भी कहर ठीक नही हैं और वो आधे दिन इधर और आधे दिन उधर फूल वर्क में बिजी रहते हैं मगर पता नही क्या है कि उनका बाबा से मिलना ही इजी नही हो रहा है। वो पार्टी का काम करते हैं और बचे समय में खुद पार्टी बनकर निर्माण की शिकायतें करते हैं। वो ऐसे देवतुल्य है जो आल टाईम एवलेबल रहते हैं और इस चक्कर में उन पर लेबल ही कतई ढाली वाला लग गया हैं। मगर ये तो ठीक नही है कि दफ्तर का टाईपिस्ट गिरीश भी महाराज से मिल लिया लेकिन प्रभारी जी का नबंर नही आया। फूल वाले कह रहे हैं कि ये तो गलत बात है और महाराज से लेकर सगंठन वाले कमाडंर को कंसीडर करना चाहिये कि इतने बड़े लीडर की मुलाकात महाराज जी से क्यों नही कराई गई। गलत बात है ये तो सगंठन की

### बजाओ मिलकर ताली जब चला हथौड़ा और दुकान हो गई खाली

जिस चौपले पर शहर भर के व्यापारी जमा हुये जिस दुकान की हिमायत में जिन्दाबाद मुर्दाबाद हुई उस मामलें बिल्कुल भी रियायत नही हुई। हथौड़ा भी चला और अब सब मिलकर ताली ठोकों और दुकान खाली हो गई। फूल वाले शोर मचाते रह गये और निगम वालों ने रूल बता कर काम भी कर दिया। जिसकी लाठी उसकी भैंस होती हैं ये कहावत यहीं तो सिद्व होती हैं। वरना इसी वार्ड में नाले पर बिजली वालों का दफ्तर बना और निगम के तोड़ने के बाद बना और प्लास के दम पर बना। नाले की पटरी पर बने दफ्तर के बराबर में बारबर भी आबाद हो गया लेकिन इसी नाले पर दुकान बनी तो चौपले वाला दुकानदार बर्बाद हो गया। कहने वाले ने कहा कि बिजली वालों में दम था बना लिया शहर के व्यापारियों में जान नही थी इसलिये एकता के नारे लगाने के बाद भी टूट गया। फूल वाले भी नही बोले कि एक ही मामले में दो रूल कैसे हो गये। हो सकता है कि सरकारी वालों के लिये कानून अलग हो। तभी तो पुलिस चौकी भी नाले पर ही बनी है और बिजलीघर भी नाले पर ही बना है। बिजली वालों ने पार्को की लाइट काट कर सीन टाईट कर दिया अब पुलिस से फाइट कौन करेगा भला। बताते हैं एक आरटीआई जरूर पूर्व पार्षद मुनींद्र आर्य ने डाली थी पर सुना है उन्हे साइलेंट कर दिया गया। हो सकता है एनजीटी ने कह दिया हो कि चौकी और बिजलीघर नाले की पटरी पर पक्का निर्माण कर बनाये जा सकते हैं और कोई रूल बताये तो पार्को की बिजली काट दो

### विकास वालों ने निकाला बुलडोजर पर फोन आ गया फाईल क्लोजर

जिले के अफसर जानते हैं कि इलेक्शन के टाईम पर कोई ऐसा एक्शन नही लेना जिसका रिएक्शन हो जाये। हालांकि एक्शन तो दूसरी विधानसभा में होना था और इलेक्शन दूसरी विधानसभा में होना हैं पर होगा तो वहीं जो साहब कहेगें। विकास वाले महकमें में चार घंटे तक माथा पच्ची होती रही। सुना है कि पार्क में मंदिर बना हैं और यहां एज पर रूल काम होना है। मंदिर भी कैबिनेट मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में बना और पार्क में बन गया। यहां तक तो ठीक था लेकिन पार्क में रास्ता भी बन गया और बहुत सी चीजे हो गई। शिकायत विकास वाले महकमें तक हो गई। महकमे के बड़े अफसर ने मीटिंग बुला ली और शाम से रात हो गई। बुलडोजर ले जाकर जमीदोंज करने की बात हो गई। लेकिन एक फोन ऐसा आया कि सारी टोन ही चेंज हो गई। फोन वाले बड़े अफसर हैं और इस महकमें के भी साहब रहे है। उन्होने मना कर दिया कि अभी नही होगा। फिर किसकी हिम्मत जो पूछ ले कि कब होगा। सुना है घंटो की मीटिंग मिनटो में बदल गई और बुलडोजर का इरादा भी क्लोजर करने के आदेश आ गये।

# मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी के अथक प्रयास से वार्ड 68 में लगाया जा रहा ओपन जिम





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार वार्डवासियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए डी ब्लॉक के पार्क में ओपन जिम खोल रहा है। शुक्रवार को बृज विहार मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने डी ब्लॉक के पार्क में बने ओपन जिम लगने वाले कार्य का निर्माण किया। बता दें कि ये वार्ड में पहला ओपन जिम लोगों के लिए चालू किए गए हैं। मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने बताया कि डी ब्लॉक पार्क बृजविहार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के सौजन्य से ओपन जिम लगाने का कार्य प्रारम्भ हो गया ' जिम का उदघाटन मंत्री द्वारा किया जायगा ' शुक्रवार को मशीनों का निरिक्षण मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी पार्षद विनय चौधरी मंडल उपाध्यक्ष यू.सी. सक्सेना, मंडल मंत्री सुशील सिँह, सेक्टर संयोजक जगदीश, सुरेश सिंह, संजय, नरेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। इस ओपन जिम में कई उपकरण लगाए गए हैं। जिसमें टहलने के लिए वॉकर, सेटअप बेंच, एयर च्स्वग, स्टेयर स्टेपर, लेग प्रेस, पुल अप समेत कई उपकरण लगाए गए हैं। इस जिम में व्यायाम करने वाले लोगों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। जिस कंपनी द्वारा जिम बनाने के साथ उपकरण लगाने का कार्य किया गया है, ओपन जिम की पांच वर्ष तक रखरखाव व देखरेख की पूरी जिम्मेदारी भी कंपनी की ही होगी।

# आरकेजीआईटीएम कॉलेज गाजियाबाद में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को राजकुमार गोयल इन्सी0ऑफ टैक्नोलोजी एण्ड मैनेजमेन्ट गाजियाबाद में बी0टैक सत्र (2024-25) के प्रतिभागियों हेतु ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कालेज के एडवाईजर डा0 लक्ष्मण प्रसाद, निदेशक डा0 राकेश गोयल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। निदेशक डा0 राकेश गोयल द्वारा सभी ने छात्रों को उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस प्रोग्राम में एडवाईजर डा0 लक्ष्मण प्रसाद द्वारा छात्रों का उचित मार्गदर्शन किया। कालेज के चेयरमैन दिनेश कुमार गोयल जी एवं वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल द्वारा सभी नव प्रवेशी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आर0के0जी0आई0एम0 गाजियाबाद की डीन डा0 मनोरमा शर्मा, डा0 आभा वत्स, संदीप सिंह, निधि, मनीष कुमार आदि सभी फैकल्टी एवं स्टाफ मौजूद रहें।

### भारत में दिन पर दिन गिर रहा है राजनीति का स्तर : अजय पाल प्रमुख



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल गाजियाबाद, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय जाट महासभा भारत अजय पाल प्रमुख ने कहा कि भारत की राजनीति का स्तर दिन पर दिन गिरता जा रहा है। इसका मुख्य कारण भारतीय राजनीति का राष्ट्रीयता से दूर होना व स्वार्थ की राजनीति होना है। देश के राजनेता देश की चिंता ना कर अपनी चिंता करने में लगे हुए हैं और इतने संवेदनविहीन हो गए हैं कि उनको राष्ट्रहित और स्वहित में अंतर नजर नहीं आ रहा है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतांत्रिक देश में सभी को अपनी बात और सरकार की आलोचना करने का पूरा हक है। लेकिन विपक्ष निजी स्वार्थ के कारण सरकार की आलोचना करने में और देश की आलोचना करने में अंतर नहीं कर पा रहा है जिससे भारतीय राजनीति का स्तर विश्व मंच पर गिरता जा रहा है।

# गाजियाबाद से किडनैप यूट्यूबर मथुरा से बरामद

## जिस गेमिंग एप का प्रमोशन किया, उसमें कई लोगों का पैसा डूबा, इसलिए किया अपहरण



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद से एक यूट्यूबर का अपहरण हो गया। पुलिस ने 24 घंटे में ही अगवा हुए यूट्यूबर को मथुरा के जंगलों से बरामद कर लिया। इस मामले में दो अपहताओं की गिरफ्तारी हुई है। यूट्यूबर ने एक ऐसी गेमिंग एप्लिकेशन का प्रमोशन किया, जिसमें कई लोगों ने पैसा इन्वेस्ट किया और वो डूब गया। पैसा वापस पाने के लिए इन इन्वेस्टरों ने यूट्यूबर को किडनैप कर लिया।

### मथुरा में फरहा के जंगलों से दो आरोपी गिरफ्तार

डीसीपी राजेश कुमार ने बताया- 5 सितंबर को नोएडा में बिसरख थाना क्षेत्र के गांव चिपियाना बुजुर्ग निवासी झगडू सिंह ने अपने 35 वर्षीय बेटे प्रवीण सिंह का अपहरण होने की सूचना थाना विजयनगर पर आकर दी। इस मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश के लिए कई पुलिस टीमें बनाई गईं। आखिरकार 24 घंटे में ही पुलिस टीम को सफलता मिल गई। प्रवीण सिंह को मथुरा जिले में फरहा थाना क्षेत्र के जंगलों से सकुशल रिकवर करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है। इनकी पहचान मनीष निवासी गौर सिटी नोएडा व सुरेंद्र उर्फ सौरभ निवासी फरह, मथुरा के रूप में हुई है।

### पैसा वापस पाने के लिए लोगों ने बनाया अपहरण का प्लान

पुलिस पूछताछ में पता चला कि प्रवीण सिंह यूट्यूबर है। उसके करीब तीन लाख सब्सक्राइबर हैं। प्रवीण ने इंस्टाग्राम पर तिरंगा गेमिंग एप का प्रमोशन किया था। प्रवीण की फैन फॉलोइंग अच्छी होने के चलते तमाम लोगों ने इस एप में अपना पैसा इन्वेस्ट कर दिया। आरोपियों के मुताबिक, तमाम लोगों का इस एप में पैसा डूब गया और काफी नुकसान पहुंचा। जिन लोगों को नुकसान हुआ, उन्होंने पैसा वापस पाने के लिए प्रवीण के अपहरण का प्लान बनाया।

### फरार दो आरोपियों की तलाश जारी

इसके तहत राहुल गुप्ता, सुरेंद्र, मनीष, हितेश चौधरी ने प्रवीण सिंह को गाजियाबाद में इंडियन ऑयल हाईवे के पास प्रवीण की फॉर्च्यूनर रोक ली और उसको अगवा करके मथुरा की तरफ ले गए।

# श्री रामचरित मानस रामलीला कमेटी प्रताप विहार ने किया भूमिपूजन



गाजियाबाद करंट क्राइम। प्रताप विहार के रामलीला मैदान में श्रीरामचरित मानस रामलीला कमेटी द्वारा विधि विधान से भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन में क्षेत्र के सभी सम्मानित संरक्षक मंडल पदाधिकारीगण व सभी क्षेत्रवासियों मौजूद रहे। 29 वर्षों से लगातार श्रीरामचरित मानस रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राहुल यादव ने बताया कि इस बार रामलीला का मंचन ब्रज क्षेत्र के कलाकारों द्वारा बहुत सुंदर किया जायेगा।

14 दिन होने वाली रामलीला में श्रीराम जानकी के विवाहोत्सव वाले दिन भव्य राम बारात निकाली जाएगी। साथ ही रामलीला मैदान में फूड स्टाल्स के साथ बच्चों के लिए विशेष झूले भी हर वर्ष की भांति लगाए जाएंगे। शुक्रवार को भूमिपूजन के उपरांत आए हुए सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों का अध्यक्ष राहुल यादव, महासचिव हरीश राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा की विचारधारा से प्रभावित है जनता : अशु वर्मा

## गुलमोहर एन्क्लेव में पूर्व मेयर अशु वर्मा ने चलाया भाजपा का सदस्यता अभियान



गाजियाबाद करंट क्राइम। शुक्रवार को राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में नगर निगम के पूर्व मेयर अशु वर्मा ने भाजपा का सदस्यता अभियान चलाकर बड़ी संख्या में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। साथ ही उन्होंने सदस्यता गृहण करने वाले लोगों से अपने मित्रों व आस पड़ोस के लोगों को भी भाजपा की विचारधारा से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि हम सभी को अपने घरों के आसपास यह सदस्यता अभियान सघनता से चलाना होगा जिससे भाजपा का परिवार बढ़ सके। लोगो को भाजपा की सदस्यता के लिए प्रेरित करना है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा एक ऐसी पार्टी बनकर उभरी है जिसने देश को विश्वपटल पर एक अलग पहचान दिलाई है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता इस अभियान में जुटे हुए हैं। इस सदस्यता अभियान में वार्ड 22 के पार्षद विनील दत्त ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर आरडब्लूए के अध्यक्ष मनवीर चौधरी ने कहा कि भाजपा देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने का कार्य कर रही है। भाजपा की विचारधारा से देश की जनता बहुत प्रभावित है इसीलिए लोग स्वयं भी भाजपा से जुड़ने के लिए आगे आ रहे हैं।

सदस्यता अभियान में आरडब्लूए के अध्यक्ष मनवीर चौधरी, पार्षद विनिल दत्त, श्रवण कुमार, जी सी गर्ग, सुरेंद्र सिंह राजपूत, डी सी जैन, रविंद्र रिहानी , श्यामलाल शर्मा, दीपक अग्रवाल, विनोद गुप्ता, गौरव बंसल आदि सहित सैकड़ों गुलमोहरवासी भी मौजूद रहे।

# हापुड़ में केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, इलाके में मची अफरा-तफरी



**हापुड़ करंट क्राइम।** धौलाना क्षेत्र के मसूरी-गुलावठी रोड पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में देर रात एक फैक्ट्री में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।जिसके चलते आसपास के फैक्ट्री मालिकों में हड़कंप मच गया, बताया जा रहा है इस फैक्ट्री में केमिकल तैयार किया जा रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। जिसके बाद राहत की सांस ली।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र के फेज-2 में स्थित फैक्ट्री संख्या-321 में केमिकल बनाने का कार्य किया जाता है। देर रात किसी कारण अचानक फैक्ट्री में आग लग गई। इस दौरान आग की ऊंची लपटों को देखकर आसपास की फैक्ट्री में कार्य कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया और भाग खड़े हुए। लोगों ने आग की सूचना दमकल विभाग को दी और सूचना पाकर 15 मिनट के बाद दमकल के वाहन पहुंचने शुरू हो गए। केमिकल फैक्ट्री होने के चलते पांच गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए लगाया गया।

जिसके बाद आग पर काबू पाने का कार्य शुरू कर दिया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आग के चलते आसपास के फैक्ट्री मालिकों में हड़कंप मच गया। क्षेत्रीय दमकल अधिकारी सचिन बालियान ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और आग पर काबू पा लिया गया है।

# नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अंजली सिंह ने महामहिम राज्यपाल को की पुस्तक भेंट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कंट्री इन 5 स्टार होटल गाजियाबाद में हुए एक कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी को नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अंजली सिंह, श्रीमती पूनम श्रीवास्तव ने शिक्षा पुंज पुस्तक सप्रेम भेंट की। डॉ.अंजली सिंह ने राज्यपाल महोदय को भेंट के दौरान बताया कि नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन गरीब बच्चों के अच्छे एवं उज्जवल भविष्य की सोच रखते हुए उनके शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है। बच्चों का भविष्य संवारने हेतु हमारी संस्था लगातार प्रयासरत है। नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन अन्य राज्यों में भी संचालित है। बताते चले कि संस्था द्वारा 40 गावों को लगभग 100 प्रतिशत शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। देश के 200 गाँव के सरकारी स्कूलो को संस्था और जनता के सहयोग से मॉडल स्कूल बनाया गया। संस्था द्वारा लगभग 100 परिवर्तन पाठशालाओ को संचालित किया जा रहा है। संस्था द्वारा शिक्षा के प्रति बालिकाओं को जागरूक करते हुये अधिक से अधिक संख्या मे बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण करायी जा रही है। संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चो, गरीब व बेसहारा बच्चो को भी निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने में मदद की जा रही है। प्रत्येक वर्ष विभिन्न परीक्षाओ मे सैकड़ो बच्चे मार्गदर्शन के माध्यम से चयनित हो रहे है। जगह-जगह शिक्षा की चौपाल के माध्यम से लोगो मे देश, अपनी संस्कृति व शिक्षा का महत्व बताकर विश्व गुरू बनाने के लिये उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा से लोगो को जोडना। अब तक विभिन्न प्रकार के दैनिक समाचार पत्रो, मासिक पत्रिकाओ एवं मीडिया पटलों पर संस्था द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों का समाचार पत्रो मे प्रकाशन होता आ रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत हजारो बच्चो को निःशुल्क प्रवेश दिलाकर शिक्षा दिलायी जा रही है। संस्था के द्वारा निःशुल्क देकर इन बच्चो के जीवन मे रोशनी लाते हुये शिक्षा की अलख जलायी जा रही है। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा भारतवर्ष के अनेको गावों मे भिन्न-भिन्न स्थानों पर पुस्कालय खोले गये है जिन्हें मिनी पुस्तकालय का नाम भी दिया गया है। जहाँ पर युवा पीढी पहुँचकर आसानी से शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक हो रही है। अब तक हजारों बच्चों को उनके फाउंडेशन के द्वारा लाभ प्राप्त हुआ है। महामहिम राज्यपाल महोदया ने नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए डॉ.अजलि सिंह व श्रीमती पूनम श्रीवास्तव को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों से प्रेरणा लेते हुए अन्य लोगों को भी इस प्रकार के कार्य करने चाहिए, आप लोगों के प्रयास से ही भारत शत प्रतिशत साक्षर हो जायेगा। इस अवसर पर गाजियाबाद के जिलाधिकारी महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, सुदेश श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




7 सितंबर 2024 को मेरी धर्मपत्नी 60 वर्ष की हो जाएगी यानी कि सठिया जाएगी और सीनियर सिटीजन की कैटेगरी में आ जाएगी नानी भी बन चुकी है और दादी भी बन चुकी है और पत्नी तो पहले ही थी पत्नी जी को जन्मदिन पर बधाई आप सदा खुश रहें स्वस्थ रहें मस्त रहें और सदा मुस्कुराती रहे और मुझ पर अपनी कृपा बनाए रखें यही आपसे प्रार्थना है

3:09 PM

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपनी जीवन साथी को उनके जन्मदिन पर बेहद अनूठे अंदाज में बधाई दी। एडवांस की बधाई में हास्य परिहास में जीवन के उल्लास उमंग की तरंग अपने शब्दों से दी। जीवन साथी के जन्मदिन पर ये स्पेशल अंदाज ये खुशनुमा रंग बिखेरती रिश्तों की मधुरता को समेटती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ट्रम्प बोले: कमला राष्ट्रपति बनीं तो इजराइल खत्म हो जाएगा: उन्हें वोट देने वाले यहूदी दिमाग की जांच कराएं, उनके लिए डेमोक्रेट्स सबसे बड़ा खतरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि यदि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बनती हैं तो इजराइल का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। ट्रम्प ने गुरुवार को लास वेगास में रिपब्लिकन यहूदी गठबंधन के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रम्प ने दावा किया कि कमला के राष्ट्रपति बनने के बाद वे इजराइल को भूल जाएंगी। इसके बाद आतंकी सेनाएं यहूदियों को उनके इलाके से निकालने के लिए जंग शुरू करेंगी। ट्रम्प ने कहा कि यहूदियों को ये बात समझनी होगी। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कहा कि आप सबको अपने लोगों ये बात समझाना होगा, क्योंकि वे ये सब नहीं जानते। उन्हें पता ही नहीं कि वे क्या करने जा रहे हैं।



## ट्रम्प बोले- राष्ट्रपति बना तो एंटी यहूदी संस्थान की फंडिंग रोकूंगा

ट्रम्प ने कहा कि यदि वे राष्ट्रपति बनते हैं तो गाजा जैसे हर आतंकी ठिकाने पर शरणार्थियों की एंट्री बंद कर देंगे। वे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले ह्यहमास समर्थकह्ल गुंडों को जेल में ठूंस देंगे। यहूदी विरोधी प्रचार करने वाले संस्थानों और यूनिवर्सिटिज को मिलने वाली फंडिंग पर रोक लगा देंगे और उनकी मान्यता रद्द कर देंगे। ट्रम्प ने कहा, 'पता नहीं कोई उनका (डेमोक्रेटिक पार्टी) समर्थन कैसे कर सकता है। अगर आप यहूदी हैं और उनका समर्थन करते हैं तो आपको अपने दिमाग की जांच करानी चाहिए। वे आपके साथ बहुत बुरे रहे हैं।' ट्रम्प ने कहा, 'मैं ईमानदारी से कह सकता हूं कि हमें 2016 में 25% वोट मिले, 2020 में 26% वोट मिले, जबकि मैंने इजराइल के लिए किसी भी डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति से ज्यादा काम किया है।' ट्रम्प ने उम्मीद जताई कि इस बार वह 50% यहूदी वोट पाने में सफल होंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि यहूदियों के 50% लोग कौन हैं जो उन्हें वोट दे रहे हैं। वे इजराइल से नफरत करते हैं। यहूदियों को पसंद नहीं करते। फिर भी उन्हें वोट कैसे दे रहे हैं। उन्होंने दावा कि जब वे राष्ट्रपति थे तब यहूदी खुद को अधिक सुरक्षित महसूस करते थे।

## ओबामा के भाई ट्रम्प का समर्थन करेंगे

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के सौतेले भाई एबोंगो मलिक ओबामा ने ट्रम्प का समर्थन करने का एलान किया है। मलिक ओबामा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने लिखा कि 'मैं मलिक ओबामा, मैं रिपब्लिकन पार्टी का पंजीकृत मतदाता हूं और मैं ट्रम्प को वोट करूंगा।' मलिक ओबामा ने 2016 और 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में भी ट्रम्प का समर्थन किया था। मलिक ने कहा कि वे ट्रम्प को पसंद करते हैं क्योंकि वे साफ दिल इंसान हैं। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन एक कमाल का नारा है और मैं उनसे (ट्रम्प) मिलना चाहूंगा।



मलिक ने पूर्व राष्ट्रपति और अपने चचेरे भाई बराक ओबामा की भी आलोचना की और उन्हें स्वार्थी बताया। मलिक ओबामा पेशे से एक अकाउंटेंट हैं और बराक ओबामा की शादी में वह ओबामा के बेस्ट मैन बने थे। जब बराक ओबामा राष्ट्रपति थे, तो वे व्हाइट हाउस भी गए। हालांकि बाद में दोनों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई। बाद में मलिक ने बराक को लेकर आरोप लगाया कि उनका जन्म अमेरिका में नहीं बल्कि केन्या में हुआ था।

## राष्ट्रवाद का ट्रम्प कार्ड चला

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के राष्ट्रवादी कार्ड से उन्हें सियासी फायदा मिल रहा है। ट्रम्प ने 10 दिन में बाजी पलट दी है। अब वे 7 सबसे अहम राज्यों (स्विंग स्टेट्स) में से 4 में कमला हैरिस की बराबरी पर आ गए हैं। दिलचस्प है कि 10 दिन पहले तक ट्रम्प इन सभी 7 राज्यों में कमला हैरिस से पिछड़ रहे थे। ट्रम्प ने अब अपने कैंपेन को मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) के इर्दगिर्द रख दिया है। अपनी हर सभा में ट्रम्प राष्ट्रवादी मुद्दों को उछाल रहे हैं। बता दें कि अमेरिका के 7 अहम राज्य राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशी की किस्मत का फैसला करते हैं। इनमें जीतने वाला पद हासिल करता है।

## 10 सितंबर को ट्रम्प और कमला के बीच पहली डिबेट

ट्रम्प और कमला के बीच पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट 10 सितंबर (भारत में 11 सितंबर) को अइउ न्यूज चैनल पर होगी। इसमें दोनों प्रत्याशियों के प्रदर्शन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी, क्योंकि इसके बाद दोनों के बीच कोई डिबेट नहीं होगी। बता दें कि ट्रम्प और तत्कालीन डेमोक्रेट प्रत्याशी जो बाइडेन के बीच जून में हुई डिबेट में बाइडेन बुरी तरह से हार गए थे। इसके बाद ही बाइडेन को रेस से हटना पड़ा था।

# हिंदू किशोर की थाने में पीट-पीटकर हत्या





**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होते ही भारत का यह पड़ोसी देश पाकिस्तान की राह पर चल पड़ा है। दरअसल बांग्लादेश में आए दिन अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरें आ रही हैं। अब एक ताजा मामले में लोगों की भीड़ ने पुलिस और सेना के जवानों के सामने एक हिंदू किशोर की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोप है कि मृतक ने पैगंबर मोहम्मद को लेकर कुछ आपत्तिजनक पोस्ट किया था। क्या है पूरा मामला मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 15 साल के उत्सव मंडल पर आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर पैगंबर मोहम्मद को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट किया था। दावा है कि उसके आपत्तिजनक पोस्ट को कुछ लोगों ने विभिन्न ग्रुप में पोस्ट कर दिया था। जिससे पोस्ट वायरल हो गई और लोगों का गुस्सा भड़क गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, उत्सव मंडल और उसके माता-पिता को पुलिस थाने बुलाया गया, जहां कट्टरपंथी लोगों की भीड़ भी पहुंच गई। थाने में कई पुलिसकर्मी और सेना के जवान भी मौजूद थे। इसी दौरान लोगों की भीड़ ने उत्सव को पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि जब भीड़ उत्सव को पीट रही थी तो थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों और सेना के जवानों ने उसे बचाने की कोशिश नहीं की। लोगों की भीड़ ने उत्सव को पीट-पीटकर मार डाला। बांग्लादेश अल्पसंख्यक मानवाधिकार कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में घटना की जानकारी दी है। संगठन का दावा है कि बिना किसी फोरेंसिक सबूतों के पुलिस ने उत्सव को पकड़ा और फिर पुलिस और सेना की मौजूदगी में ही कट्टरपंथियों की भीड़ ने किशोर की थाने में ही पीट-पीटकर हत्या कर दी। हालांकि अमर उजाला इस खबर की स्वतंत्र तौर पर पुष्टि नहीं करता है। मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में हमलों को लेकर भारत के रुख की भी आलोचना की और दावा किया कि इन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।

## मोहम्मद यूनुस ने दावा किया था- हमलों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा भारत

उल्लेखनीय है कि हिंदू युवक की थाने में पीट-पीटकर हत्या करने की यह घटना ऐसे वक्त सामने आई है, जब कल ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने दावा किया था कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। मोहम्मद यूनुस ने कहा था कि हिंसा की घटनाएं सांप्रदायिक न होकर राजनीतिक हैं। एक इंटरव्यू में मोहम्मद यूनुस ने अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर भारत की चिंताओं को यह कहकर खारिज कर दिया था कि अगर बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार नहीं रहेगी तो बांग्लादेश, दूसरा अफगानिस्तान नहीं बन जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया में ऑनलाइन बाल शोषण की बढ़ रही तादाद, पुलिस ने अभिभावकों को किया आगाह

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने ऑनलाइन यौन और हिंसक कंटेंट तैयार करने के लिए बच्चों को मजबूर करने की संख्या में वृद्धि पर चेतावनी जारी की है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया में बढ़ते ऑनलाइन चलन पर माता-पिता और अभिभावकों को आगाह किया है। पुलिस ने बताया कि



कम उम्र के बच्चे ऑनलाइन अपराध का अनजाने में शिकार बन रहे हैं। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा कंटेट बनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। एएफपी ने कहा कि 'सैडिस्टिक सेक्सटॉर्शन' इंटरनेट अपराध का एक बढ़ता हुआ प्रकार है जहां ऑनलाइन कम्यूनिटी 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को टारगेट करते हैं। ऑनलाइन कम्यूनिटी में स्वीकृति प्राप्त करने के लिए उन पर स्पष्ट यौन या हिंसक कृत्य की तस्वीर या वीडियो स्वयं बनाने के लिए दबाव डालते हैं। एक बार जब तस्वीर या वीडियो बन जाता है और किसी अपराधी को भेज दिया जाता है, तो प्राप्तकर्ता उस कंटेंट को समुदाय के अन्य सदस्यों को भेज देता है। फिर वो पीड़ित से अपने दोस्तों या परिवार के साथ कंटेंट शेयर करने की धमकी देकर जबरन वसूली करता है और ये तब तक चलता है जब तक उत्तेजित कंटेंट नहीं बनाया जाता। एएफपी के अनुसार, कुछ मामलों में अपराधी निशाना बनाए जाने वाले पीड़ितों की उम्र के ही होते हैं। एएफपी के ह्यूमन एक्पलोईटेशन कमांडर हेलेन सांइडियर ने कहा कि ऑस्ट्रेलियन सेंटर टू काउंटर चाइल्ड एक्सप्लोइटेशन (एसीसीसीई) द्वारा प्राप्त खुफिया जानकारी से पता चलता है।

# वेनेजुएला के राष्ट्रपति के विमान को अमेरिका द्वारा जब्त करना अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन : ईरान

**तेहरान।** ईरान ने इस सप्ताह के प्रारंभ में डोमिनिकन गणराज्य में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के हवाई जहाज को जब्त करने पर गुरुवार को संयुक्त राज्य अमेरिका की आलोचना की और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा, ईरान वेनेजुएला के राष्ट्रपति द्वारा इस्तेमाल विमान को जब्त करने के अमेरिकी सरकार के कदम को अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों और मानदंडों के विपरीत मानता है और यह अस्वीकार्य है। प्रवक्ता ने कहा, अमेरिका का यह कदम अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ और शत्रुतापूर्ण है। यह अराजकता फैला रहा



है और स्काईजैकिंग को बढ़ावा दे रहा है और हवाई क्षेत्र की शांति व सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अमेरिका के एकतरफा प्रतिबंधों और शत्रुतापूर्ण कदमों का सामना करने के लिए देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, डसॉल्ट फाल्कन 900ईएक्स विमान को डोमिनिकन गणराज्य में जब्त कर लिया गया था और वाशिंगटन के अनुरोध पर अमेरिकी निर्यात नियंत्रण और प्रतिबंध कानूनों के उल्लंघन के आधार पर फ्लोरिडा के दक्षिणी जिले में स्थानांतरित कर दिया गया था। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक बी. गारलैंड ने सोमवार को कहा, आज सुबह, न्याय विभाग ने एक विमान जब्त किया है। इसे एक फर्जी कंपनी के माध्यम से 13 मिलियन डॉलर में अवैध रूप से खरीदा गया था और निकोलस मादुरो तथा उनके साथियों द्वारा उपयोग के लिए अमेरिका से तस्करी कर बाहर ले जाया गया था। अटॉर्नी जनरल ने कहा, विभाग उन लोगों पर कार्रवाई जारी रखेगा, जो हमारे प्रतिबंधों और निर्यात नियंत्रणों का उल्लंघन करते हैं। ताकि उन्हें अमेरिकी संसाधनों का उपयोग करके संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने से रोका जा सके। वाशिंगटन के इस कदम की निंदा करते हुए वेनेजुएला ने कहा कि यह बार-बार होने वाली आपराधिक प्रथा का हिस्सा है। वेनेजुएला के विदेश मंत्री इवान गिल ने सोमवार को टेलीग्राम पर कहा, वेनेजुएला अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष इस बात की निंदा करता है।

# 72 लोगों ने 100 बार किया दुष्कर्म, पति ने बनाए 20 हजार फोटो व वीडियो

**फ्रांस ।** फ्रांस में एक सनकी पति की करतूत ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है। पति ने 72 लोगों से अपनी पत्नी का दुष्कर्म कराया। इन लोगों ने महिला के साथ 100 बार दुष्कर्म किया। दुष्कर्म से पहले पति अपने पत्नी के खाने और शराब में नींद और नशे की गोलियां पीसकर मिला देता था। इसके बाद चैटरूम के माध्यम से अजनबियों से संपर्क करता और उन्हें पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाने का ऑफर देता था।

## 10 साल तक चलता रहा घिनौना खेल

टेलीग्राफ के मुताबिक 72 वर्षीय पीड़िता गिसेले पेलिकॉट ने अदालत में कहा कि इससे पहले उसके पास सब कुछ था। मगर खुशहाल मध्यवर्गीय विवाह उस वक्त खंडहर में तब्दील हो गया, जब उसे पता चला कि वह फ्रांस के सबसे बड़े दुष्कर्म मामले की अनजाने में शिकार है। बता दें कि महिला के साथ 2011 से 2020 तक दुष्कर्म का यह घिनौना खेल पति खेलता रहा।

## कपड़े की गुड़िया की तरह नोंचा

इंडीपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक अदालत में महिला के पति ने एक दशक तक पत्नी का दुष्कर्म कराने की बात स्वीकार की है। महिला ने अदालत में कहा कि उसको कपड़े की गुड़िया की तरह नोंचा गया। इतना ही नहीं दुराचार की वेदी पर बलि चढ़ा दिया गया। आरोपी मुझे कचरा का थैला समझते थे। अब मेरी कोई पहचान नहीं है। मेरा सबकुछ बर्बाद हो चुका है।

## महिला को कुछ भी याद नहीं

महिला के वकील एंटोनी कैमस के मुताबिक महिला को अपने साथ हुए दुष्कर्म के बारे में कुछ याद नहीं है। महिला के मुताबिक करीब 100 बार दुष्कर्म किया गया। इस दौरान पति ने दुष्कर्म के वीडियो बनाए और हजारों फोटो भी खींचीं। पुलिस को दुष्कर्म की जानकारी तब लगी जब पुलिस ने उसके वीडियो दिखाए।

## 14 लोगों ने स्वीकार किया जुर्म



रिपोर्ट के मुताबिक महिला के पति और 14 अन्य लोगों ने दुष्कर्म की बात स्वीकार ली है। वहीं 35 अन्य लोगों ने इनकार कर दिया। उनका कहना है कि महिला ने ही यौन संबंध बनाने की खातिर सहमति दी थी। बता दें कि इस मामले में लगभग 50 पुरुषों के खिलाफ अदालत में मुकदमा चल रहा है।

## जब वीडियो और फोटो देखें तो उड़े होश

महिला ने यह भी बताया कि उसके साथ छह बार एचआईवी संक्रमित व्यक्ति ने भी दुष्कर्म किया। महिला ने कहा कि जब पहली बार पुलिस ने दुष्कर्म के वीडियो और फोटो दिखाए तो यह मेरे लिए एक सुनामी की तरह था। यह भयावह दृश्य से कम नहीं था।

## 20 हजार तस्वीरें और फिल्में मिलीं

द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 में महिला के पति डोमिनिक पेलिकॉट को पुलिस ने दक्षिणी फ्रांस के एक गांव में स्थित सुपरमार्केट में महिलाओं की स्कर्ट के ऊपर से वीडियो बनाते पकड़ा गया था। इसके बाद उसके कंप्यूटर की तलाशी लेने पर सभी के होश उड़ गए। आरोपी पति के कंप्यूटर से जुड़ी यूएसबी ड्राइव पर एक फाइल मिली थी। इसमें पत्नी के साथ 100 बार दुष्कर्म की लगभग 20,000 तस्वीरें और फिल्में मिलीं।

# घर में नहीं दाने पाकिस्तान चला दूसरे देशों पर अपनी नजर गड़ाने

**पाकिस्तान।** प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान जूनागढ़ मुद्दे को हमेशा राजनीतिक और राजनयिक मंचों पर उठाता रहा है और इसका शांतिपूर्ण समाधान चाहता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जूनागढ़ मुद्दे को भी भारत के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की तरह एक अधूरा एजेंडा मानता है। पैसे पैसे को मोहताज पाकिस्तान को भी अपने आका चीन की लत लगती नजर आ रही है। जैसे चीन अपने पड़ोसी देशों की जमीन पर अपनी नजरें गराए रहता है और अतिक्रमण की कोशिशें करता नजर आता है। अब चीन के शागिर्द मुल्का पाकिस्तान ने छोटा मुंह बड़ी बात कर दी है। कश्मीर को लेकर अभी तक दावा करता आया पाकिस्तान अब गुजरात के जूनागढ़ को लेकर भी बयानबाजी करने लगा है। पाकिस्तान ने जूनागढ़ क्षेत्र पर भारत का अवैध कब्जा बताया है। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि जूनागढ़ भारत के गुजरात का एक



शहर, जिसे 1948 में कब्जे में लिया गया था। इसके संबंध में पाकिस्तान का नीति वक्तव्य हमेशा स्पष्ट रहा है। बलूच ने कहा कि जूनागढ़ को पाकिस्तान में मिला लिया गया। देश इस मामले को ऐतिहासिक और कानूनी नजरिये से देखता है. जूनागढ़ पाकिस्तान का हिस्सा था और उस पर भारत का अवैध कब्जा संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन है। प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान जूनागढ़ मुद्दे को हमेशा राजनीतिक और राजनयिक मंचों पर उठाता रहा है।

# जूनागढ़ पर भारत का अवैध कब्जा, यह कश्मीर जैसा अनसुलझा मुद्दा : पाकिस्तान

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भारत ने जूनागढ़ पर अवैध कब्जा कर रखा है। जूनागढ़ गुजरात का एक शहर है जिसे जनमत संग्रह के तहत 1948 में भारत में मिला लिया गया था। पाकिस्तान के जियो टीवी के मुताबिक साप्ताहिक ब्रीफिंग के दौरान प्रवक्ता बलूच ने कहा कि जूनागढ़ के बारे में पाकिस्तान का रुख हमेशा से साफ है। जूनागढ़ ऐतिहासिक और कानूनी तौर पर पाकिस्तान का हिस्सा है। इस पर भारत का कब्जा संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन है। प्रवक्ता बलूच ने कहा कि पाकिस्तान, जूनागढ़ को जम्मू-कश्मीर की तरह अनसुलझा मुद्दा मानता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा राजनीतिक और कूटनीतिक मंचों पर जूनागढ़ मुद्दे को उठाता रहा है और इसका शांतिपूर्ण समाधान चाहता है।

## पाकिस्तान ने जूनागढ़ को अपने नक्शे में दिखाया

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब पाकिस्तान ने जूनागढ़ को अपना हिस्सा बताया है। अगस्त 2020 में भी पाकिस्तान ने जब नया नक्शा जारी किया था तो जूनागढ़ को पाकिस्तान का हिस्सा बताया था। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा था कि पाकिस्तान की यह



कोशिश फिजूल है।

1947 में भारत का बंटवारा हो चुका था। अंग्रेजी हुकूमत ने इंडियन इंडिपेंडेंस एक्ट 1947 लागू किया था। इसके तहत लैप्स ऑफ पैरामाउंसी ऑप्शन दिया गया था। इससे 565 रियासतों के राजा अपनी रियासत को भारत या पाकिस्तान से जोड़ सकते थे, या फिर अपना स्वतंत्र राष्ट्र बना सकते थे। 15 अगस्त 1947 तक ज्यादातर रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो चुकी थीं, लेकिन तीन रियासतों के विलय का मामला उलझा हुआ था। ये तीन रियासतें- जूनागढ़, कश्मीर और हैदराबाद थीं। तीनों में हैदराबाद और जूनागढ़ की स्थिति एक जैसी थी। 80% से 85% आबादी हिंदू थी और शासक मुस्लिम, लेकिन कश्मीर में परिस्थिति उलट थी। वहां राजा हिंदू थे और तीन-चौथाई कश्मीरी मुसलमान थे। देखा जाए तो मोहम्मद अली जिन्ना की ह्यटू नेशन थिअरीह्ल के हिसाब से जूनागढ़ का विलय भारत में होना चाहिए था। 15 अगस्त 1947 को जब भारत के लोग आजादी का जश्न मना रहे थे, तब जूनागढ़ के लोग कंफ्यूजन में थे, क्योंकि इसी दिन जूनागढ़ के नवाब महाबत खान ने पाकिस्तान के साथ जाने का ऐलान कर दिया था। यानी साजिश रची जा चुकी थी। जूनागढ़ के दीवान शाहनवाज भुट्टो की इसमें मुख्य भूमिका रही थी। कहा जाता है कि नवाब महाबत खान भारत के साथ रहना चाहते थे, लेकिन शाहनवाज ने उनकी बात नहीं मानी। शाहनवाज उस वक्त सिंध से मुस्लिम लीग के नेता थे और मोहम्मद अली जिन्ना के करीबी थे।

'वॉर एंड पीस इन मॉडर्न इंडिया' में श्रीनाथ राघवन लिखते हैं कि शाहनवाज जुलाई 1947 में जिन्ना से मिलते हैं। जिन्ना बंटवारे की तारीख तक शाहनवाज से शांति बनाए रखने को कहते हैं। शाहनवाज ने जिन्ना की बात मानते हुए ऐसा ही किया, लेकिन जैसे ही 15 अगस्त 1947 की तारीख आई, शाहनवाज ने ऐलान किया कि जूनागढ़ का विलय पाकिस्तान में होगा।

यहां पर लॉर्ड माउंटबेटन की सलाह को भी दरकिनार किया गया, क्योंकि जूनागढ़ जमीनी रूप से भारत से जुड़ा था और पाकिस्तान जाने के लिए समंदर पार करना पड़ता। सरदार पटेल को लगा कि पाकिस्तान जूनागढ़ का विलय नहीं करेगा शुरूआत में पटेल को लगा कि पाकिस्तान जूनागढ़ का विलय नहीं करेगा, लेकिन पटेल गलत साबित हुए। एक महीने बाद 16 सितंबर 1947 को पाकिस्तान ने जूनागढ़ को पाकिस्तान में मिलाने की घोषणा कर दी। इसका भारत ने विरोध भी किया।

इधर, पटेल ने पाकिस्तान को एक बार फिर से इस पर विचार करने के लिए कहा। साथ ही जनमत संग्रह कराने की पेशकश भी, लेकिन पाकिस्तान ने इसे नकार दिया।

इसके बाद 19 सितंबर 1947 को सरदार पटेल भारत सरकार के रजवाड़ा खाते के सचिव वीपी मेनन को जूनागढ़ भेजते हैं, लेकिन मेनन को नवाब से नहीं मिलने दिया गया। साथ ही नवाब की ओर से शाहनवाज ने उनसे गोल-मोल तरीके से बात की। यानी कुछ भी साफ नहीं किया।

# रूस ने यूक्रेन संघर्ष पर अमेरिका को दी चेतावनी
## मॉस्को के साथ आपसी संयम की भावना खो रहा वाशिंगटन

**रूस।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने पर अमेरिका को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को यूक्रेन संघर्ष पर सीमा रेखा पार नहीं करनी चाहिए। वह रूस के साथ आपसी संयम की भावना खोना शुरू कर रहा है। उन्होंने इसे खतरनाक बताते हुए कहा उन्हें उम्मीद है कि वाशिंगटन को यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के संभावित परिणामों का एहसास होगा। रूसी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को एक साक्षात्कार में लावरोव ने कहा कि अमेरिकियों ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति पर अपनी खुद की लाल रेखाओं को पार कर लिया है। 'उन्हें (अमेरिका को) समझना चाहिए कि हमारी लाल रेखाओं से मूर्ख बनने की कोई बात नहीं है। और वे अच्छी तरह जानते हैं कि वे कहां हैं।' उन्होंने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि यूक्रेन के लिए समर्थन



बढ़ाने के मुद्दे पर सावधानी से विचार किया जाना चाहिए, ताकि तीसरे विश्व युद्ध को भड़काने की नौबत न आए, क्योंकि यूरोप को खत्म होते देखना दुखद होगा।' उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि वहां महत्वपूर्ण प्रभाव वाले उचित लोग बचे हैं और मुझे उम्मीद है कि अमेरिका के हितों को ध्यान में रखा जाएगा।'

इस बीच, एक संवाददाता सम्मेलन में किर्बी ने कहा कि अमेरिका ऐसे किसी भी देश का स्वागत करता है जो यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने में मदद करने का इच्छुक है। कहा, 'कोई भी राष्ट्र जो इस युद्ध को समाप्त करने में मदद करने का इच्छुक है और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के विशेषाधिकारों, यूक्रेनी लोगों के विशेषाधिकारों, न्यायपूर्ण शांति की उनकी योजना को ध्यान में रखते हुए ऐसा करता है, हम निश्चित रूप से उस तरह की भूमिका का स्वागत करेंगे।' रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन तीन देशों में भारत का नाम लिया, जिनके साथ वह यूक्रेन संघर्ष पर लगातार संपर्क में हैं। कहा कि वे इसे हल करने के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं। पुतिन की टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा के दो सप्ताह के भीतर आई, जहां उन्होंने राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बातचीत की।




# अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा एवं गुर्जर समाज ने निकाली विशाल शोभायात्रा

## गुर्जर दिवस पर गुर्जरों की गूंज से गूंजा गाजियाबाद, गुर्जर भवन कविनगर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुर्जर भवन पर संपन्न हुई यात्रा



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस पर अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा एवं समस्त गुर्जर समाज द्वारा एक भव्य और विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कविनगर स्थित गुर्जर भवन से शुरू हुई। शोभायात्रा को समाज के वरिष्ठ लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शोभायात्रा गुर्जर भवन से शुरू होकर कवि नगर रामलीला ग्राउंड, शास्त्री नगर चौक, हापुड़ चुंगी, कलेक्ट्रेट, पुराना बस स्टैंड, हापुड़ मोड़, घंटाघर, चौधरी मोड़, कालका गढ़ी चौक, होली चाइल्ड चौराहा से होते हुए गुर्जर भवन कवि नगर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह समाज के सभी वर्गों के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### गुर्जर एकता जिंदाबाद के नारों से गूंजा शहर

शोभायात्रा के दौरान समाज के व्यक्तियों ने गुर्जर एकता जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए। हालांकि इस दौरान जय श्री राम के नारों से भी गुर्जर समाज ने भक्ति का भी परिचय दिया। जय श्री राम के नारों पर भी समाज का जोश अलग ही दिखा।

### शहर की सड़कों पर जमकर दौड़े ट्रैक्टर

विशाल व भव्य शोभायात्रा के दौरान जहां सैकड़ों वाहन नजर आए। लेकिन यात्रा में शामिल ट्रैक्टरों ने शहरवासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। हालांकि शोभायात्रा में कारों और बाईक-स्कूटी का काफिला अलग ही नजारा पेश कर रहे थे। अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस पर निकाली गई शोभायात्रा का मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया। गुर्जर समाज के व्यक्तियों का प्यार और स्नेह समाज के सभी जाति-धर्म और वर्ग के लोगों के साथ है। इसलिए व्यापारी वर्ग हो या समाजसेवी, पार्षद हो या फिर वकील, ब्राहण समाज हो या फिर जाटव समाज सभी लोगों ने यात्रा में शामिल गुर्जर समाज के व्यक्तियों का स्वागत किया।

### शास्त्री नगर पर गुर्जर समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने किया स्वागत

**करंट क्राइम।** स्वागत की कड़ी में शास्त्री नगर चौराहे पर गुर्जर समाज सहित अन्य लोगों ने शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विजय धामा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा ओबीसी मोर्चा, वार्ड-47 के पार्षद अमित त्यागी, कवि नगर मंडल के अध्यक्ष राहुल तोमर, शास्त्री नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुधीर चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता साहब सिंह सिरोही, मंडल उपाध्यक्ष कृष्ण मावी, मंडल महामंत्री अशोक राव, कर्मवीर सिंह, कौशल कपासिया, सिंहराज मावी, रामपाल सिंह, रविंद्र धामा, मनोज कपासिया, धर्मवीर धामा, अभिषेक त्यागी, यशपाल यादव, मुकेश पंडित, आनंद वर्मा, रविंदर भाटी, राहुल भाटी, लीलू चौधरी आदि ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### अधिवक्ताओं ने भी किया स्वागत

**करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट पर बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पूर्व सचिव एडवोकेट परविंदर नागर ने अपने अधिवक्ता साथियों के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। शशिकांत भाटी, राजीव गुर्जर, सुनील खारी, अमित अधाना, वीरेंद्र नागर मुथरापुर, रवि, सोनू जावली, प्रवेश बंसल, विकल नागर, नितिन चंदेला, उमेश कसाना, पंकज कसाना, पंकज गुर्जर आदि अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। वहीं धर्मरक्षक सुभाष बजरंगी ने अपने समर्थकों के साथ चौधरी मोड़ पर इस दौरान लव पंडित, राहुल बजरंगी, विकास सैनी, गौरव, अखिल गोयल, तरुण प्रजापति, मेहरा सहित तमाम धर्मरक्षकों ने अर्जुन नागर सहित गुर्जर समाज के तमाम व्यक्तियों का स्वागत किया।

### शोभायात्रा में ये प्रमुख चेहरे रहे शामिल

**करंट क्राइम।** भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, खोड़ा नगर पालिका पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, भाजपा नेता हातम सिंह नागर, किसान नेता मास्टर मनोज नागर, सुशील प्रधान, विजय धामा, पूर्व पार्षद सुरेन्द्र नागर, भाजपा नेता योगेश भाटी, पार्षद उमेश नागर पप्पू, पार्षद राजकुमार नागर, पार्षद प्रवीन भाटी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, विनोद कसाना, विशेष नागर, रॉबिन भड़ाना, सोहित प्रधान, सोनू बैसला, अमित मावी, सुरेश कसाना, कपिल मावी, पूर्व पार्षद विकास खारी, बाली गुर्जर, नितिन गुर्जर, यतेन्द्र नागर, रितेश कसाना, विकास भाटी, मंगतराम गुर्जर, विनोद चौधरी, राहुल मावी, भारत भाटी, मित्रपाल गुर्जर, आजाद सिंह गुर्जर, नरेंद्र गुर्जर, मस्तराम गुर्जर, ईश्वर मावी, पार्षद रामनिवास बंसल, अभिषेक भाटी, अविनाश चौधरी, दिनेश कसाना, डब्बी कसाना, विनोद कसाना, सेवाराम कसाना, अमित कसाना, विकास बैसोया, युग गुर्जर, हर्ष कसाना, ध्यान सिंह नागर, सुमित मावी, प्रदीप नागर, अशोक चंदेला, राजीव कसाना, श्याम नागर, मोहित बिधुड़ी, दयानंद बंसल, आशु गुर्जर, मिंटू भाटी, गौसेवक मोहित गुर्जर, मनीष गुर्जर, लवी विकल, पवन गुर्जर, नकुल नागर, प्रिंस धामा, राज सिंह गुर्जर, समय सिंह गुर्जर, अर्जुन नागर, एकलव्य बैसला, एडवोकेट मोहित नागर, प्रियाक विकल, संदीप विकल, शिवम पीलवान, प्रवीन चपराना, विवेक नागर, अभिषेक मोटला, चरन सिंह मावी, रमन गुर्जर, अक्की गुर्जर, आकाश नागर सहित हजारों की संख्या में गुर्जर समाज के व्यक्तियों ने भाग लिया।

# स्कूल में केजी की छात्रा से बैड टच प्रिंसिपल-टीचर ने मामला छिपाया

## सुपरवाइजर-ठेकेदार ने आरोपी को भगाया, सभी जेल गए






**नोएडा।** नोएडा के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 6 साल की बच्ची से बैड टच का मामला सामने आया। ङ्क्ष्में पढ़ने वाली एक छात्रा से स्कूल में चल रहे कंस्ट्रक्शन में काम करने वाले मजदूर ने बैड टच किया। मजदूर को मौके से भगाने पर सुपरवाइजर और ठेकेदार को पुलिस ने आरोपी बनाते हुए अरेस्ट कर लिया। साथ ही, स्कूल की बदनामी का हवाला देकर मामले को दबाने का प्रयास करने वाली प्रिंसिपल और टीचर को भी जेल भेजा गया। मामला नोएडा के सेक्टर-24 थाना क्षेत्र का है।

### घबराई बच्ची ने स्कूल में सबसे शिकायत की, किसी ने नहीं सुना

घटना मंगलवार सुबह हुई थी। बच्ची के घरवालों ने बताया- हमारी बेटी स्कूल परिसर में खेल रही थी। तभी स्कूल परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में लगे एक मजदूर ने उसको बैड टच किया। बेटी घबरा गई। उसने इसका विरोध किया और चिल्लाते हुए वहां से भाग निकली। उसने इस बारे में स्कूल में मौजूद टीचर को बताया। टीचर ने प्रिंसिपल और मैनेजमेंट को पूरी बात बताई। आरोप है, स्कूल मैनेजमेंट ने मामले को दबाने का प्रयास किया। उन्होंने आरोपी मजदूर को बुलाकर डांटा और धमकाया। फिर देर बाद स्कूल से भगा दिया।

### बच्ची के पिता स्कूल पहुंचे, मैनेजमेंट टालता रहा

बच्ची को बैड टच के बारे में ठीक से पता था। वह जब घर पहुंची, तब अपने पापा को पूरी बात बताई। उन्होंने बुधवार को स्कूल से संपर्क किया। इस पर मैनेजमेंट किसी प्रकार की घटना होने से इनकार करता रहा। लेकिन, जब बच्ची ने आरोपी की पहचान बताई तो स्कूल की बदनामी का हवाला देकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया। कोई एक्शन नहीं होने पर परिवार वालों ने बुधवार शाम थाने में तहरीर दी।

### स्कूल के रजिस्टर में मजदूर का नाम नहीं लिखा मिला

अऊढ्ढ मनीष कुमार मिश्र ने बताया- गुरुवार को पुलिस टीम स्कूल पहुंची। यहां रजिस्टर की जांच की गई। लेकिन, इसमें मजदूर का नाम दर्ज नहीं था। पूछताछ में मजदूर की पहचान होने के बाद पुलिस टीम एक्टिव की गई।

पूछताछ में सामने आया कि बच्ची ने अपनी क्लास टीचर सरिता सुनेजा को पूरी बात बताई थी। प्रिंसिपल प्रीति शुक्ला को भी सब कुछ बताया गया। यह भी पता चला कि स्कूल के सुपरवाइजर बसंत पांडेय के साथ मिलकर प्रिंसिपल और क्लास टीचर ने पूरी घटना को छिपाया। साथ ही, आरोपी मजदूर को स्कूल से जाने दिया गया।

### 3 टीम आरोपी की तलाश कर रही

एडीसीपी ने बताया- ठेकेदार मुकेश कुमार ने भी आरोपी को भगाने और उसका साथ देने में भूमिका निभाई। पुलिस ने इस पूरे घटनाक्रम को छिपाने के आरोप में क्लास टीचर सरिता सुनेजा, प्रिंसिपल प्रीति शुक्ला, सुपरवाइजर बसंत पांडेय और ठेकेदार मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।घटना छिपाने वाले सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। वहीं, छेड़छाड़ के मुख्य आरोपी मजदूर को खोजने के लिए 3 टीमें लगी हैं। जल्द ही उसको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने 101 वर्ष के महावीर प्रसाद को बनाया भाजपा का सदस्य

## भाजपा की सदस्यता से कोई भी पुराना व्यक्ति छूटे ना - सांसद अतुल गर्ग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को कोई भी पुराना भाजपा सदस्य या व्यक्ति प्राथमिक सदस्य बनने से छूटे ना वाले मंत्र पर चलते हुए सांसद अतुल गर्ग ने पूर्व गृह राज्यमंत्री बालेश्वर त्यागी, 90 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप तलवार, 101 वर्ष के महावीर प्रसाद को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इन अवसर पर अतुल गर्ग ने कहा कि हम सभी को अपने मित्रों व पड़ोस में सदस्यता अभियान को सघनता से चलाना होगा। कोई व्यक्ति छुटे ना इस मंत्र को ध्यान में रखते हुए लोगो को भाजपा की सदस्यता के लिए प्रेरित करना है।

भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता इस अभियान में जुड़े हुए है। इस अवसर पर कैप्टन सुबोध गुप्ता, पार्षद नीरज गोयल, प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, अंकुर अग्रवाल, दुषियंत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।







# नोएडा में ओमेक्स बिल्डहोम की 9262 वर्गमीटर जमीन सील

## प्राधिकरण ने लिया एक्शन, 457 करोड़ रुपए बकाया, नहीं हो रही बायर्स की रजिस्ट्री




**नोएडा।** बायर्स के पक्ष में रजिस्ट्री नहीं करने और अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा नहीं करने पर प्राधिकरण ने बड़ा एक्शन लिया है। प्राधिकरण ने ओमेक्स बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड की खाली पड़ी। अनसोल्ड जमीन 9 हजार 262.625 वर्गमीटर जमीन को सील कर दिया है। इस जमीन को नीलाम किया जाएगा। इससे मिलने वाले पैसों से बकाया की भरपाई होगी और बायर्स की रजिस्ट्री कराई जाएगी। नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि सेक्टर-93बी में जीएच-1,2 और 3 का आवंटन 3 अक्टूबर 2006 को मैसर्स ओमेक्स बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में किया गया था। 29 जून को बिल्डर के नाम लीजडीड की गई और भूखंड पर कब्जा दिया गया।

शासन ने बकाया जमा करने के लिए 21 दिसंबर 2023 को अमिताभ कांत की सिफारिश लागू की। जिसमें कोविड का जीरो पीरियड का लाभ दिया गया। साथ ही कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा करने को कहा गया। ताकि बायर्स की रजिस्ट्री कराई जा सके। बिल्डर ने प्राधिकरण को सहमति दी। बिल्डर का कुल बकाया 457.81 करोड़ है। 25 प्रतिशत धनराशि के रूप में 114.15 करोड रुपए बिल्डर को बिल्डर को जमा करने है। लेकिन उसने ये पैसा जमा नहीं किया। कई बार नोटिस जारी किया गया । साथ ही बैठक में बुलाया गया। लेकिन, बिल्डर न तो बैठक में आया और न ही नोटिस का जवाब दिया। ऐसे में प्राधिकरण ने अनसोल्ड प्लाट को सील कर दिया है।

# यौन अपराधों को रोकने के लिए समाज और सरकार को बदलना होगा अपना नजरिया : इंद्रजीत सिंह टीटू



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय लोकदल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि सरकार को महिलाओं की सुरक्षा के लिए कुछ सख्त नियम व कानून बनाने होंगे। सरकार जब तक इन अपराधों को रोकने के लिए कुछ ठोस कदम नहीं उठाएगी तब तक ऐसे ही चलता रहेगा। जैसा के बंगाल के कोलकाता में जो रेप कांड हुआ है। कांड हो जाने के बाद बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सजा के प्रावधान का ऐलान किया है। अगर यह प्रावधान पहले ही जारी हो गया होता तो शायद यह घटना नहीं होती। ममता सरकार के अलावा अन्य भी सरकारों को समय रहते कुछ ऐसे ठोस कदम उठाने चाहिए जिससे कि ऐसे हादसों को रोका जा सके। यह संभव है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित टास्क फोर्स अस्पतालों में डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ की सुविधाओं के लिए ऐसे उपाय सुझाने में सफल रहे जिन पर अमल से हालात कुछ बदलें। लेकिन प्रश्न केवल चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा का नहीं है प्रश्न तो सभी लड़कियों और महिलाओं की सुरक्षा का है। यौन अपराधों का एक बड़ा कारण महिलाओं को कमजोर, कमतर, हीन और भोग की वस्तु समझने की मानसिकता है। इसी कारण वे घरेलू हिंसा से लेकर सार्वजनिक स्थानों में यौन हिंसा का शिकार बनती हैं। जब तक महिलाओं के प्रति मानसिकता नहीं बदलेगी तब तक स्थिति बदलने वाली नहीं है।

# चार और बदमाश किए गए जिला बदर

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस अपराधियों के प्रति लगातार सख्ती कर रही है। आदतन अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ गुंडा एक्ट और जिला बदर जैसी कार्रवाई की जा रही है ताकि क्षेत्र में लोग अमन चैन के साथ रह सकें। अपर पुलिस कमिश्नर दिनेश कुमार पी. की अदालत ने ऐसे चार अभियुक्तों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की है। इनमें बृजेश उर्फ हनुमान पत्र जगवीर उर्फ जग्गी निवासी उखलारसी (मुरादनगर), प्रिंस उर्फ जोगराज निवासी ग्राम पट्टी (भोजपुर) दानिश मलिक पुत्र सलाउद्दीन निवासी गरिमा गार्डन (टीला मोड़) अंकित शर्मा पुत्र निरपाल शर्मा निवासी भोजपुर शामिल हैं। ऐसे गंभीर मामलों में लिप्त हैं जिला बदर होने वाले अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ADCP) दिनेश कुमार पी. ने बताया कि कोर्ट में सुनवाई के बाद उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम-1970 के अंतर्गत लूट करना, लूट करने में चोट पहुंचाना, अपहरण करना, बलवा करना, घातक हथियारों से गंभीर चोट पहुंचाना, आपराधिक साजिश करना, अवैध हथियार रखना, थोखाधड़ी करना, छल के प्रयोजन से कूटरचना करना, कूटरचित दस्तावेजों को असली के रूप में उपयोग करना, घर में चोरी करना, आर्थिक नुकसान पहुंचाना, आपराधिक न्यासभंग करना, किसी को गलत तरीके से रोकना, लूट का माल बरामद होना, गैंगस्टर, चोरी का माल बरामद होना, गाली-गलौच करना व जान से मारने की धमकी देने सम्बन्धी अपराधों में लिप्त चार अभियुक्तों को गुंडा घोषित कर छह माह के लिए जनपद की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश पारित किए गए हैं।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### नोएडा प्राधिकरण को खनन माफियाओं ने लगाया करोड़ों का चूना

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में खनन माफियाओं ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की खाली पड़ी हुई सरकारी जमीन पर गड्ढे कर डाले। इस दौरान करीब 15 से 20 फीट तक गड्ढे कर वहां से मिट्टी निकालते। फिर उस मिट्टी को बेच डालते। प्राधिकरण खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की बात कह रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की खाली पड़ी जमीन को खनन माफियाओं ने निशाना बनाकर करोड़ों रुपए की मिट्टी को बेच डाली। खनन माफिया इतने सक्रिय रहे कि उन्होंने सरकारी जमीन पर 20 फिट गहरे गड्ढे कर डाले। वहीं जब प्राधिकरण के अधिकारियों को इसकी सूचना मिली, तो उन्होंने अज्ञात खनन माफियाओं के खिलाफ संबंधित थानों में शिकायत दी। लेकिन इस मामले में कोई भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई। प्राधिकरण एसीईओ लक्ष्मी वीएस ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में प्राधिकरण की सरकारी जमीन से मिट्टी चोरी करने के मामले सामने आए हैं।